समाचार गेट

City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform
News app · Online E-Paper · News Portal · Youtube · Facebook · Instagram · Twitter · Tumbler · Reddit

वर्ष 1, अंक 01 पेज 8 | बुधवार 21 फरवरी, 2024 | TITLE CODE : HARHIN11569

26 फरवरी को प्रधानमंत्री करेंगे गुरुग्राम रेलवे स्टेशन नवीनीकरण का शिलान्यास : राव इंद्रजीत

वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे रेलवे की सौगात

295 करोड रुपए होंगे खर्च

दो चरणों में होगा गुरुग्राम रेलवे स्टेशन के अपग्रेडेशन का कार्य

राजेंद्र पार्क की ओर से भी मिलेगी रेलवे स्टेशन के लिए दूसरी एंट्री

सीमेंट यार्ड व मारुति यार्ड होगा शिफ्ट

समाचार गेट ब्यूरो

गुरुग्राम। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 फरवरी को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को रेलवे की अनेक परियोजनाओं का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से करेंगे जिसमें गुरुग्राम के रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की योजना भी शामिल है जिस पर करीब 295 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। रावण कई गुरुग्राम रेलवे स्टेशन अपग्रेडेशन के बाद विश्व स्तर की सुविधा विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी देश को रेलवे की हजारों करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ व शिलान्यास करेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन का अपग्रेडेशन दो चरणों में होगा। पहले चरण में करीब 295 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे और दूसरे चरण में भी करीब इतनी ही राशि खर्च की जाएगी। अपग्रेडेशन कार्य में खास बात यह होगी कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन को दो एंट्रियां मिल जाएंगी। अब राजेंद्र पार्क की ओर से भी गुड़गांव के लोगों को रेलवे स्टेशन के लिए प्रवेश मिलेगा । योजना तैयार की जा रही है कि दौलताबाद फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहन भी सीधे स्टेशन से जुड़ जाएं इसके लिए रेलवे अधिकारियों की जीएमडीए से वार्ता चल रही है। रेल भूमि विकास प्राधिकरण ने गुरुग्राम स्टेशन के अपग्रेडेशन योजना को तैयार कर रहा है।

हटेगा सीमेंट यार्ड व मारुति का वाहन यार्ड

नए अपग्रेडेशन प्लान के अनुसार रेलवे स्टेशन के आसपास कॉलोनी में रहने वाले लोगों की पुरानी मांग सीमेंट याद को हटाने की पूरी हो जाएगी। राव ने बताया कि उन्हें कई बार आसपास की कॉलोनी के लोगों की शिकायतें प्राप्त हुई थी सीमेंट यार्ड होने के कारण उनके घरों में सीमेंट की धूल व सांस लेने में काफी दिक्कत का का सामना करना पड़ता है। राव ने बताया कि अपग्रेडेशन प्लान में उन्होंने रेलवे अधिकारियों को सीमेंट यार्ड को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे जिसे अपग्रेडेशन प्लान में शामिल कर लिया गया है।

राव ने बताया कि गुरुग्राम रेलवे स्टेशन अपग्रेडेशन योजना के तहत करीब 12 लिफ्ट, एक्सीलेटर्स, दो मंजिला फूड कोर्ट, फुट ओवर ब्रिज,मल्टीलेवल पार्किंग, सोलर पैनल आदि लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया इसे पूर्व रेलवे की ओर से पटौदी रोड व रेवाड़ी- रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत मिशन के तहत किया था जिन पर काम शुरू कर दिया गया है।

आप के कुलदीप कुमार चंडीगढ़ के मेयर घोषित, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव अधिकारी को दोषी करार दिया

SC ने 8 वोटों जिन्हें रद्द कि गया था, उन्हें सही माना और 12 वोट जो पहले सही थे, उनको मिलाकर 20 वोट हुए, जिसके बाद आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया गया.

समाचार गेट ब्यूरो

दिल्ली/चंडीगढ़। चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अभूतपूर्व फैसला सुनाते हुए आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया. स्ट ने 8 वोटों जिन्हें रद्द किया गया था, उन्हें सही माना और 12 वोट जो पहले सही थे, उनको मिलाकर 20 वोट हुए, जिसके बाद कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया गया.बता दें कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव के बाद एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह को आप पार्षदों के लिए डाले गए बैलेट पेपर्स पर निशान लगाते हुए दिखाया गया था.

अनिल मसीह को कारण बताओ नोटिस SC

इसके साथ ही अनिल मसीह को अवमानना के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को 3 हफ्ते में जवाब मांगने को कहा है. सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अदालत यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया इस तरह के हथकंडों से नष्ट न हो इसलिए हमारा विचार है कि अदालत को ऐसी असाधारण परिस्थितियों में बुनियादी लोकतांत्रिक जनादेश सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि ये अदालत पूरा इंसाफ करने के लिए ड्यूटी बाउंड है, पूरी चुनाव प्रक्रिया को रद्द करना सही नहीं है. कोई भी बैलेट डिफेस नहीं था. पीठासीन अफसर मसीह गलत कार्य का दोषी है.

अनिल मसीह ने अपने अधिकार से परे काम किया

CJI ने कहा कि वीडियो देखने के बाद सामने आया है कि रिटर्निंग अफसर अनिल मसीह ने कुछ बैलेट पेपर पर एक खास निशान लगाया था. सभी 8 वोट याचिकाकर्ता उम्मीदवार (कुलदीप कुमार) को गए थे. रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह ने वोट को अमान्य करने के लिए निशान लगाए. हमने आरओ को उसके कृत्य में गलत पाए जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी. पीठासीन अफसर ने स्पष्ट रूप से अपने अधिकार से परे काम किया. बता दें कि 19 फरवरी को मसीह ने कोर्ट में कहा कि उसने डिफेस हुए 8 बैलेट पर निशान लगाया था.

बैलेट पर टिक क्यों किया - जसटिस पारदीवाला

सुप्रीम कोर्ट में आज करीब 20 मिनट तक वीडियो चला.जसटिस पारदीवाला ने कहा कि बैलेट पर टिक क्यों किया ? मुकुल रोहतगी ने इस पर जवाब दिया कि उन्होंने आकलन किया कि कुछ बैलेट अवैध थे. वे चोर नहीं हैं. कुछ बैलेट पेपर डिफेस हो चुके थे, इसलिए रिजेक्ट किया गया, लेकिन इस वजह से ऑफिसर को चोर नहीं कहा जा सकता.

जसटिस पारदीवाला ने कहा कि अनिल मसीह ने सफाई दी थी कि जो मतपत्र खराब हुए, उन पर उन्होंने निशानी बनाई, ये सफाई ठीक नहीं लगती. हंगामा वहां चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद हुआ.

अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि कोर्ट से री काउंटिंग की मांग की गई है. सिंघवी ने आगे कहा कि वे नए सिरे से चुनाव चाहते हैं, क्योंकि वे उस समय का लाभ चाहते हैं, जिसके दौरान उन्होंने संभवत: लोगों को दल-बदल करवाया था. हल्के ढंग से कहें तो घोड़ों की खरीद-फरोख्त वैसे ये घोड़ों का अपमान करने वाला शब्द है.

बैलेट पेपर से छेड़छाड़ का लगा था आरोप

बता दें कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी के मनोज सोनकर ने 16 वोटों से जीत हासिल की थी. उन्होंने आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को शिकस्त दी थी, जिनको 12 वोट मिले थे. जब रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने गठबंधन सहयोगियों के आठ वोटों को अवैध घोषित कर दिया, तब मामले में विवाद खड़ा हो गया. जिसके बाद बैलेट पेपर में छेड़छाड़ का आरोप लगाया जाने लगा.

सरकार ने राज्यपाल के अभिभाषण को बनाया आधिकारिक झूठ बोलने व औपचारिक भ्रांति फैलाने का जरिया : हुड्डा

राज्यपाल के अभिभाषण में सत्यता, तथ्यात्मक और वास्तविकता का अभाव- हुड्डा

घोटालों, रिकॉर्डतोड़ बेरोज़गारी, बेकाबू अपराध, बढ़ती नशाखोरी व महंगाई को विकास मान रही बीजेपी-जेजेपी- हुड्डा

झूठ और भ्रमजाल फैलाकर जनता को बरगलाना चाहती है सरकार, कांग्रेस दिखाएगी आईना- हुड्डा

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। बीजेपी-जेजेपी सरकार ने राज्यपाल के अभिभाषण को आधिकारिक झूठ बोलने और औपचारिक भ्रांति फैलाने का जरिया बना लिया है। इस बार भी अभिभाषण में हमेशा की तरह सत्यता, तथ्यात्मक और वास्तविकता का अभाव रहा। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्यपाल की गरिमा को ताक पर रखते हुए उनके हाथ में ऐसा अभिभाषण पकड़ा दिया, जो सच्चाई से कोसों दूर है।

हुड्डा ने कहा कि सरकार द्वारा विकास के बड़े-बड़े दावे किए गए हैं। लेकिन हरियाणा की जनता को समझ नहीं आ रहा है कि बिना कोई यूनिवर्सिटी या बिना कोई मेडिकल कॉलेज बनाए, बिना किसी पावर प्लांट या आईएमटी की स्थापना के विकास कैसे संभव है ? लोग सवाल पूछ रहे हैं कि प्रदेश में बिना कोई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर का संस्थान स्थापित किए, बिना कोई बड़ा उद्योग लगाए, बिना निवेश, बिना रोजगार के विकास कैसे हो सकता है ?

लगता है कि ये गठबंधन सरकार घोटालों को विकास, रिकॉर्डतोड़ बेरोज़गारी को उन्नति, बेकाबू अपराध को तरक्की, बढ़ती नशाखोरी और महंगाई को उत्थान और जनता में फैले रोष को उपलबधि मानकर चल रही है। किसान, मजदूर, कर्मचारी, कच्चे कर्मचारी समेत हर वर्ग पर अत्याचार करने और उनको अपमानित करने को ही बीजेपी-जेजेपी ने समृद्धि का मार्ग मान लिया है। लेकिन नागरिक चेतना और मानवीय विवेक कहता है कि ये विनाश का रास्ता है, समृद्धि का नहीं।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान प्रदेश में 6 मेडिकल कॉलेज, नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट बनाया, एम्स-2 और मेडिकल यूनिवर्सिटी स्थापित हुई। लेकिन मौजूदा सरकार ने 10 साल में एक भी ऐसा मेडिकल संस्थान नहीं बनाया। कांग्रेस ने 12 सरकारी यूनिवर्सिटी, केंद्रीय विश्वविद्यालय, राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, सैनिक स्कूल और 6 केंद्रीय विद्यालय बनाए। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हरियाणा को IIT, IIM, IIIT, NID जैसे लगभग 20 राष्ट्रीय संस्थान मिले। लेकिन मौजूदा सरकार के खाते में एक भी ऐसा संस्थान नहीं है।

इसके अलावा कांग्रेस ने 5 पावर प्लांट, 6 IMT बनाई। कांग्रेस प्रदेश में मारुति, एशियन पेंट्स, IOC, पैनासोनिक, योकोहामा, डेंसो जैसे बड़े उद्योग और मेट्रो व रैपिड मेट्रो लेकर आई। लेकिन बीजेपी-जेजेपी के पास ऐसी एक भी उपलबधि नहीं है। यहीं वजह है कि ये सरकार झूठ और भ्रमजाल फैलाकर जनता को बरगलाने में लगी रहती है। लेकिन कांग्रेस बजट सत्र के दौरान सरकार को हकीकत का आईना दिखाएगी।

प्रभु सिया राम के नाम से भाजपा को परेशानी : विधायक नीरज शर्मा

नीरज शर्मा का कहना था कि उनके वस्त्र पर जय सिया राम लिखा है और स्वस्तिक चिह्न बना है कोई असंसदीय शब्द नहीं लिखा है तो फिर उन्हें क्यों सदन में जाने से रोक जा रहा है

मुझे विधानसभा में अपने क्षेत्र की समस्यों को उठाने के लिए भेजा है इसलिए मै सत्र को नही छोडूंगा। भाजपा सरकार तो चाहती ही है नीरज शर्मा सदन में ना जाए ताकि इनकी सरकार की और बदनामी ना हो : नीरज शर्मा

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़/फरीदाबाद। आज दिनांक 20 फरवरी को एनआईटी फरीदाबाद से विधायक नीरज शर्मा विधानसभा में अपने 2 गज के कपडो में पहुंचे तो उनको प्रवेश द्धारा पर रोक दिया गया। अधिकारियो का कहना था कि इन कपडो पर विधानसभा में आपको जाने नही दिया जाएगा। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि उनके द्धारा विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपने कपड़ों पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा था साथ ही यह भी पूछा था कि जो चोला मैंने पहन रखा है कृपया विधानसभा अध्यक्ष बिंदुवार बताएँ कि उसमें विधानसभा अध्यक्ष को क्या आपतति है।

नीरज शर्मा का कहना था कि उनके वस्त्र पर जय सिया राम लिखा है और स्वस्तिक चिह्न बना है कोई असंसदीय शब्द नहीं लिखा है तो फिर उन्हें क्यों सदन में जाने से रोक जा रहा है। विधानसभा से प्राप्त जवाब में हरियाणा विधानसभा कि सदस्यों पियोगी पुस्तक काम में अध्याय दो में विधानमंडल के अंदर विधायकों के लिए आचार संहिता शिष्टाचार के सामान ने नियमों के नियम निम्नलिखित हैं नियम 14 में वर्णित है कि सदन में किसी तरह का बिल्ला धारणा नहीं करेगा नियम 16 में वर्णित है कि सदन में झंडा चिन्ह या प्रदर्शनी नहीं लगाएगा तथा संसदीय पद्धति और प्रक्रिया के अध्याय 12 में सदस्यों के आचरण में सभा में मर्यादा और गरिमा बनाए रखने के लिए सदस्यों को किसी भी प्रकार की उच्छृंखलता नहीं करनी चाहिए। विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा था कि बिंदु नंबर एक में जैसा कि लिखा है कि सदन में किसी तरह का बिल्ला धारणा नहीं करेगा तो मैंने कोई बिल्ला धारण नही किया है। बिंदु नंबर दो में जैसा कि लिखा है कि सदन में झंडा चिन्ह यह प्रदर्शनी नहीं लगाएगा मेरे कपड़ों पर कोई प्रदर्शनी नहीं है सिर्फ़ सियाराम का नाम एवं स्वास्थ्य का निशान रामायण की चौपाई हैं। फिर मुझे सदन में प्रवेश करने से क्यो रोका जा रहा है। भाजपा सरकार को प्रभुराम के नाम से इतनी परेशानी क्यो है। मै विधानसभा में अपने कपडो पर प्रभुसियाराम का नाम लिखकर क्यो नही जा सकता।

प्रवेश द्धारा जब कोई जवाब अधिकारियों के पास नही था तो विधायक नीरज शर्मा ने अपने 2 गज का कपडा बिना कुछ लिखा हुआ पहनकर ही गए। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि मेरी जनता ने मुझे विधानसभा में अपने क्षेत्र की समस्यों को उठाने के लिए भेजा है इसलिए मै सत्र को नही छोडूंगा। भाजपा सरकार तो चाहती ही है नीरज शर्मा सदन में ना जाए ताकि इनकी सरकार की और बदनामी ना हो।

ग़ौरतलब है कि विधायक नीरज शर्मा ने अपने इलाक़े की जन समस्याओं के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल 28 करोड़ रुपये की विकास कार्यों की फ़ाइल को पास करने का अनुरोध किया था बार बार अनुरोध किए जाने के बावजूद विधानसभा सदन में याद दिलाने के बावजूद मुख्यमंत्री ने इन फाइलों पर दस्तख़त करने से इंकार कर दिया था इसके विरोध में एक महीने का अल्टीमेटम देने के बाद विधायक नीरज शर्मा ने अपने वस्त्र त्याग कार कफ़न का दो गस से लाभ हुआ कपड़ा धारण कर लिया था जिस पर जय सियाराम स्वास्तिक जैन रामायण की चौपाई कबीर के दोहे अंकित हैं साथ ही नीरज शर्मा की विधान सभा एनआईटी 86 की जन समस्याओं की तस्वीरें और उन समस्याओं के बारे में लिखा गया है।

नीरज शर्मा के इस वस्त्र को धारण करने के बाद सरकार ने उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह में 26 जनवरी को प्रवेश करने से रोक दिया था साथ ही राज्यपाल की एट होम पार्टी में भी प्रवेश नहीं करने दिया था इसे विधायक नीरज शर्मा ने सरकार की ज्यादती क़रार दिया था और उनके अभिव्यक्ति के अधिकार का भी हनन बताया था।

सुभाष बराला निर्विरोध निर्वाचित हुए राज्यसभा सांसद, भाजपा में उत्साह का माहौल

राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर सुभाष बराला ने लिया मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आशीर्वाद

बिप्लब देब और नायब ने भी सुभाष बराला को दी बधाई

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के पूर्व अध्यक्ष रहे सुभाष बराला मंगलवार को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने पर श्री बराला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया और आभार जताया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी श्री बराला को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री बराला राज्यसभा में हरियाणा की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश के मुद्दों को प्रमुखता से रखेंगे। सांसद निर्वाचित होने पर श्री बराला ने प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अलावा प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी समेत शीर्ष नेतृत्व का भी आभार जताया।

राज्यसभा में सांसद डीपी वत्स का कार्यकाल पूरा होने पर रिक्त हुए स्थान पर भाजपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला को राज्यसभा में भेजने का निर्णय लिया। 15 फरवरी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की उपस्थिति में श्री बराला ने अपना नामांकन दाखिल किया था। सुभाष बराला के विरोध में कांग्रेस व अन्य किसी राजनीतिक दल ने अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारा, इसलिए मंगलवार को रिटर्निंग अधिकारी साकेत कुमार ने श्री बराला को निर्वाचित घोषित कर दिया।

सुभाष बराला के निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित किए जाने पर हरियाणा भाजपा में खुशी का माहौल है। बीजेपी प्रभारी बिप्लब कुमार देब और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने पर सुभाष बराला को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि नवनिर्वाचित सांसद सुभाष बराला हरियाणा के मुद्दों को केंद्र में और मजबूती के साथ रखेंगे जिससे राज्यसभा में हरियाणा को और ताकत मिलेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि श्री बराला लगातार पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। अब पार्टी ने किसान के बेटे को राज्यसभा में भेजकर किसानों के हितों का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि श्री बराला राज्यसभा के अंदर हरियाणा के मुद्दों को प्रमुखता से रखेंगे। उन्होंने कहा कि श्री बराला के राज्यसभा में पहुंचने पर हरियाणा का पक्ष और अधिक मजबूत होगा।

श्याम बाबा के आर्शीवाद से दूर होते है लोगों के दुख–दर्द : चौधरी उदयभान

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व लखन सिंगला ने द्वितीय डाक ध्वजा यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। ओल्ड फरीदाबाद के ऐतिहासिक माता पथवारी मंदिर से आज श्री श्याम लाडले मित्र मंडल द्वारा द्वितीय डाक ध्वजा यात्रा श्री खाटू धाम राजस्थान के लिए रवाना की गई। इस दौरान जहां महिलाओं ने भक्तिमय एवं मंगल गीत गाए वहीं विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां पूरे ओल्ड बाजार से निकाली गई।

कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने शिरकत की वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला शामिल रहे। चौ. उदयभान व लखन सिंगला ने झंडी दिखाकर उक्त यात्रा को रवाना किया और यात्रा में भाग लेने वाले युवाओं की जमकर हौंसला अफजाई गई। यह डाक ध्वजा यात्रा ओल्ड फरीदाबाद के बाजारों से होकर गुजरी, इस दौरान दुकानदारों, व्यापारियों व आमजनों ने फूलों की वर्षा करके इस यात्रा का स्वागत किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से पानीपत के चुकलाना धाम के गुरु जी भी उपस्थित थे। द्वितीय डाक ध्वजा यात्रा को रवाना करने से कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने कहा कि आज क्षेत्र के युवाओं ने बाबा के दरबार में जाने के लिए जो नई पहल शुरू की है वह सराहनीय है और इसकी चहुंओर प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि श्याम बाबा के आर्शीवाद से लोगों के दुख–दर्द दूर हो जाते है और उनके दरबार में हजारों–लाखों श्रद्धालु पहुंचकर बाबा का आर्शीवाद लेकर अपना दुख दूर करते है, द्वितीय डाक ध्वजा यात्रा का उद्देश्य समाज में सुख–समृद्धि आए, ऐसी कामना के लिए किया गया है, इसको लेकर युवाओं में खासा जोश है। इस अवसर पर लखन कुमार सिंगला ने बताया कि द्वितीय डाक ध्वजा यात्रा के तहत सैकड़ों युवा इसमें हिस्सा लेंगे, जो श्री श्याम बाबा खाटू के दरबार तक दौड़ लगाते हुए जाएंगे और एक–एक युवा चांदी का निशान (झंडा) लेकर दौड़ेगा, जब वह थक जाएगा तो दूसरा युवा इस निशान को लेकर आगे दौड़ेगा। करीब 17–18 घण्टों में यह यात्रा पूरी होगी।

इस अवसर पर वेदपाल दायमा, रेनू चौहान, बालू सिंह एडवोकेट, लाला शर्मा, नितिन सिंगला, बिजेंद्र पाल मावी, बालकिशन वशिष्ठ, डालचंद डागर, वीरेंद्र वशिष्ठ, महेंद्र कुमार, पंकज गोयल, आकाश गुप्ता, मोंटी गोयल, अवतार सिंह, खुशबू खान, रचना भसीन, सुरेंद्र अग्रवाल, चौ. बच्चू सिंह, हरिलाल गुप्ता, गुलाब सिंह गुड्डू, जयवीर बैंसला, कर्मवीर खटाना, विजय कुमार, महेश बैंसला सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

इनसो व जेजेपी ने गऊ माता को गुड़ व चारा खिलाकर मनाया दिग्विजय सिंह चौटाला का जन्मदिवस

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। सूरजकुण्ड रोड़ स्थित श्री गोपाल गऊशाला में आज हरियाणा हैडबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं जेजेपी के प्रधान महासचिव व इनसो के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दिगविजय सिंह चौटाला के जन्मदिवस पर इनसो व जेजेपी पदाधिकारियों जिसमें मुख्य रूप से इनसो जिलाध्यक्ष रवि शर्मा,बडखल हल्काध्यक्ष अजय भड़ाना,सुदेश ग्रोवर,जितेन्द्र सिंह,नीरज,विक्की चेतन व अजीत ने मिलकर गऊ माता को गुड़ व हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर अजय भड़ाना और रवि शर्मा ने कहा कि दिगविजय सिंह चौटाला के उचित मागदर्शन और सही दिशा निर्देश से पार्टी नई ऊचाईयों को छू रही है। उन्होनें कहा कि आज दूसरी पार्टियां छोडकऱ युवा इनसो के साथ जुडकऱ जेजेपी को मजबूत कर रहे है क्योकि जेजेपी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें युवाओं को पूरा मान सम्मान मिलता है। उन्होनें कहा कि आज के दिन वे भगवान से प्रार्थना करते है कि दिगविजय सिंह चौटाला को लम्बी आयु दे ताकि वो भी अपने परिवार के पदचिन्हों पर चलते हुए हरियाणा के लोगों की सेवा करे।

चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी का मेयर बनना लोकतंत्र की जीत : हरेंद्र भाटी

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीमकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई करते हुए आम आदमी पार्टी–कांग्रेस के उम्मीदवार को मेयर घोषित करने पर आम आदमी पार्टी फरीदाबाद के अध्यक्ष हरेंद्र भाटी ने खुशी जताते हुए इसे लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने भाजपा उम्मीदवार की जीत रद्द करके भाजपा को सच्चाई का आइना दिखाया है और इससे यह साबित हो गया है कि भाजपा सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। यहां जारी प्रेस बयान में हरेंद्र भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी छत्तीस बिरादरियों के हक–हकूक की आवाज उठा रही है और इसी के चलते दो बार दिल्ली और अब पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बन चुकी है और चंडीगढ़ में हुए मेयर चुनावों में भी अब आम आदमी पार्टी ने जीत का परचम फहरा दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने देख लिया कि भाजपा ने जिस प्रकार से लोकतंत्र का हनन किया था उन्हें अपनी किए की सजा मिल गई और अदालत में आम आदमी पार्टी की जीत हुई।

उन्होंने इस जीत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित तमाम वरिष्ठ नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली, पंजाब की तर्ज पर अब हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी जीत हासिल करेगी।

प्रदेश में लोकसभा चुनावों में बजेगा जेजेपी का डंका : धर्मपाल यादव

धर्मपाल यादव जेजेपी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। जननायक जनता पार्टी ने राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर अपने संगठन में विस्तार करते हुए फरीदाबाद निवासी एवं पार्टी के प्रति समर्पित भाव रखने वाले विद्यासागर शिक्षण संस्था के चेयरमैन धर्मपाल यादव को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर शहर और गांव के कार्यकर्त्ताओं में जोश है। विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने अपनी इस नियुक्ति के लिए जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजयसिंह चौटाला,डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर धर्मपाल यादव ने कहा कि जेजेपी हरियाणा प्रदेश की ही नहीं अपितु देश की उभरती हुई पार्टी है। आज प्रदेश में ही नहीं अपितु राजस्थान,और उत्तरप्रदेश के साथ–साथ दिल्ली में भी जेजेपी का गिराफ दिन–प्रतिदिन बढ़ रहा है। वहीं चेयरमैन धर्मपाल यादव ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनावों में जेजेपी पार्टी अपना वर्चस्व दिखाने में पीछे नहीं रहेगी, पार्टी प्रदेश में बेहतर मतों से जीतेगी। जिसके डंके की आवाज सबको सुनाई देगी। चेयरमैन धर्मपाल यादव ने यह भी कहा कि पार्टी के बढ़ते गिराफ से विपक्षी बौखलाएं हुए है। जिसके चलते अब वे जेजेपी के मुकाबले में काफी पीछे छूट गए है। वहीं कांग्रेस को लेकर धर्मपाल यादव ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में बगैर संगठन के लोकसभा चुनाव में आ रही है, जिसके परिणाम जनता के समक्ष शीशे की तरह साफ है। जहां कांगे्रस में दिग्गज चुनाव से भाग रहे है,जिसके चलते प्रदेश में लोकसभा चुनावों के लिए केवल डमी उम्मीदवार शोर मचा रहे हैं।

शादी दो परिवारों को जोड़ने का काम करती है : कृष्णपाल गुर्जर

साहिल व कोमल को आर्शीवाद देने पहुंचे केन्द्रीय राज्यमंत्री

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। वरिष्ठ भाजपा नेता नेत्रपाल चन्दीला,भतौला के भतीजे साहिल चन्दीला की वैवाहिक रिसेप्शन में केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ.कृष्णपाल गुर्जर सूरजकुण्ड रोड़ स्थित डिलाईट फोरअेवर गार्डन में आर्शीवाद देने पहुचें। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने साहिल के पिता वेदपाल चन्दीला और चाचा नेत्रपाल चन्दीला को ढेर सारी शुभकामनाएं दी तथा वर साहिल चन्दीला और वधु कोमल दोनों के सिर पर हाथ रखकर उनके सुखी दापत्य जीवन का आर्शीवाद देते हुए कहा कि शादी एक अटूट बंधन है। उन्होनें कहा कि शादी दो परिवारों को जोडने् का काम करती है। सात फेरों पर जीवन में एक दूसरे के साथ प्यार से जीवन व्यतीत करने के कसमे वायदे किए जाते है। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने नवदंपति को भगवान से जीवन में खशियां मिलने की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड, विधायक श्रीमति सीमा त्रिखा, निर्वतमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल नागर, ओमप्रकाश रैक्सवाल, निर्वतमान पार्षद अजय बैसंला, संजय गुर्जर सलौटी, मुकेश तोमर, विधायक राजेश नागर के भाई सुधीर नागर, अमित भड़ाना अनंगपुर, नेत्रपाल चन्दीला, वेदपाल चन्दीला, ज्ञानेन्द्र नागर, राजबीर नागर सरपंच, भाजपा जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, अरविन्द चन्दीला, पंकज चन्दीला बडौली, रविन्द्र त्यागी व बंटी सरपंच मौजूद थे।

शहर की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समय पर पूरा कराना सुनिश्चित करें अधिकारी : डीएस ढेसी

सीएम के प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) की अध्यक्षता में हुई फरीदाबाद के विकास कार्यों की हुई समीक्षा

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) डीएस ढेसी ने कहा कि शहर में जितनी भी बड़ी विकास योजनाएं चल रही हैं वह महत्वपूर्ण हैं और आमजन से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में सभी विभाग इनको समय पर पूरा करें और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य के लिए कोई कोताही न बरतें ताकि किसी भी कार्य को पूरा करने में कोई दिक्कत न आए। श्री डीएस ढेसी मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला फरीदाबाद की विभिन्न विभागों की विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में एफएमडीए के सीईओ ए. श्रीनिवास, उपायुक्त विक्रम सिंह, एचएसवीपी की प्रशासक डा. गरिमा मित्तल, अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मीटिंग में डीएस ढेसी ने कहा कि फरीदाबाद शहर के विकास को गति देने के लिए कई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें वर्ष 2031 की जनसंख्या को देखते हुए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जितनी भी योजनाओं को मंजूरी दी हैं और जो भी विकास योजनाएं चल रही हैं उन सभी को समय पर पूरा करें। उन्होंने क्रमश: एफएमडीए, नगर निगम, एचएसवीपी, स्मार्ट सिटी सहित सभी विभागों की योजनाओं की क्रमश: समीक्षा की।

मीटिंग में सडक़ें के निर्माण व मरम्मत, जल आपूर्ति योजना का विस्तार, मास्टर सीवरेज योजना, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कर अपशिष्ट जल का उपचार, इंजीनियरिंग सहित कई विकास कार्यों पर चर्चा की गई। मीटिंग में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस–वे, जेवर एक्सप्रेस–वे के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई।

11 पुलिसककर्मी चुने गए हीरो ऑफ द वीक, पुलिस आयुक्त ने किया सम्मानित

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए हीरो आफ द वीक अभियान की शुरुआत की थी जिसमें हर सप्ताह अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाता है और पुलिस आयुक्त द्वारा उनके साथ बैठकर और चाय पिलाकर उनके कार्यों की समीक्षा की जाती है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि पुलिस आयुक्त द्वारा शुरू किए गए इस अभियान के तहत जो पुलिसकर्मी सप्ताह में बेहतर कार्य करेगा उसे एक प्रशंसा पत्र देने के साथ ही उसकी एक बड़ी फोटो हीरो आफ द वीक की पुलिस आयुक्त कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगाई जाएगी। इस अभियान से पुलिसकर्मियों में नई ऊर्जा आ रही है। इस पर इस सप्ताह श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 11 पुलिसकर्मियों को हीरो ऑफ द वीक चुना गया है, उनमें थाना सदर बल्लबगढ़ में बतौर अनुसंधान अधिकारी तैनात एसआई राकेश कुमार, पुलिस चौकी चावला कॉलोनी में तैनात एएसआई अजय सिंह व चालक कौशल संदीप, थाना कोतवाली में तैनात सहायक उपनिरीक्षक राजेश, इसी थाने में तैनात मुख्य सिपाही सन्नी, थाना एनआईटी में तैनात मुख्य सिपाही इंद्रजीत, महिला थाना एनआईटी में तैनात मुख्य सिपाही गीता, थाना सारण में तैनात मुख्य सिपाही नरेश, थाना धौज में तैनात सिपाही रविंद्र, पुलिस थाना साइबर सेन्ट्रल में तैनात सिपाही कर्मबीर तथा क्राइम ब्रांच डीएलएफ में तैनात सिपाही अजीत आदि शामिल रहे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का मुकेश शर्मा पहलवान ने किया स्वागत

समाचार गेट ब्यूरो

गुरुग्राम। उत्तर भारत की विश्वविख्यात मां शीतला की धरा गुरुग्राम के गांव बसई स्थित श्रीराधा कृष्ण गौशाला में छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पहुंचे, जहां गौशाला समिति के पदाधिकारियों, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा पहलवान व गणमान्य व्यक्तियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के विचारों को वहां उपस्थित गणमान्य लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। मुकेश शर्मा पहलवान ने कहा कि महान वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज न केवल एक कुशल योद्धा थे, बल्कि वे हर वर्ग की रक्षा के लिए सदैव आगे रहे। माता जीजाबाई ने छत्रपति शिवाजी को युद्ध कौशल और प्रशासन की शिक्षा दी। शिवाजी महाराज ने मुगलों और अन्य विदेशी शक्तियों के खिलाफ कई युद्ध लड़े और भारतीय संस्कृति और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने मराठा साम्राज्य की स्थापना की, जिसने पश्चिम भारत में कई वर्षों तक शासन किया। रायगढ़ का युद्ध शिवाजी महाराज के स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा था।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हुई आम आदमी पार्टी की जीत : धर्मबीर भड़ाना

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आम आदमी पार्टी जहां पूरे देश में जश्न मना रही है वहीं पार्टी के तमाम नेता भाजपा पर आक्रामक हो गए हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाले भाजपा के नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने बेनकाब कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कुलदीप कुमार को आम आदमी पार्टी का मेयर घोषित कर जहां चंडीगढ़ की जनता के के फैसले पर मोहर लगाई है वही बीजेपी को मुंह की खानी पड़ी।

धर्मवीर भड़ाना ने मीडिया को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि केंद्र में जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है तब से तमाम राज्यों की सरकारें छल कपट से गिर चुके हैं। उन राज्यों में अपनी सरकारें बना चुके हैं। कई महीने से दिल्ली सरकार गिराने का भी प्रयास कर रहे हैं और दिल्ली के मुख्यमंत्री पर तमाम झूठे आरोप लगा रहे हैं। एक साजिश के तहत सीबीआई और ईडी दिल्ली सरकार को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि अब सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा को बेनकाब कर दिया है। आने वाले समय में उनके तमाम कारनामे जनता के सामने आ सकते हैं। जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। सत्ता दुरुपयोग से भाजपा नेता लोकतंत्र को खत्म करने का षड्यंत्र रच रहे हैं और देश पर संघी फासिज्म लादना चाहते हैं! लोकतंत्र को इन लोगों ने मजाक बना दिया।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सत्य की हुई जीत : सीए हिम्मत यादव

समाचार गेट ब्यूरो

रेवाड़ी। सुप्रीम कोर्ट के चंडीगढ़ मेयर के चुनाव के फैसले पर कोसली विधानसभा के प्रत्याशी सीए हिम्मत यादव ने खुशी जताते हुए कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई। उनका कहना है कि चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं। पीठासीन अधिकारी द्वारा खारिज किए गए 8 वोटों को सही ठहराते हुए सीजेआई ने आप के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया। लोकतंत्र की इस जीत पर देश में खुशी का माहौल हैं। मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करना चाहता हूं।

फरीदाबाद भाजपा लोकसभा संचालन समिति के संयोजक बने दीपक मंगला, सह-संयोजक बने अनिल नागर

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मददेनजर भारतीय जनता पार्टी के फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी जीएल शर्मा ने लोकसभा संचालन समिति का गठन किया है जिसमे उन्होंने फरीदाबाद से दीपक मंगला को लोकसभा संयोजक, अनिल नागर को सह संयोजक व भूपराम पाठक को सह संयोजक नियुक्त किया है। आपको बता दे कि अनिल नागर को दोबारा सह-संयोजक बनाया गया है क्योकि 2019 के पिछले लोकसभा चुनाव में अनिल नागर ने सह-संयोजक रहते हुए पूरी निष्ठा से काम किया था। उनके संगठन के प्रति लंबे समय के अनुभव को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी है। अनिल नागर ने अपने इस नियुक्ति पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेशध्यक्ष नायब सिंह सैनी,प्रभारी विप्लव कुमार देव,केन्द्रीय राज्यमंत्री चौ.कृष्णपाल गुर्जर व लोकसभा प्रभारी जीएल शर्मा का आभार प्रकट किया है। अनिल नागर ने कहा कि पार्टी ने उनपर जो विश्वास व्यक्त किया है उसे वह कभी टूटने नहीं देगें

और जी जान से काम करेगें। उन्होनें दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में फरीदाबाद से पार्टी रिकार्ड मतो से विजयी होगी।

लोधी राजपूत जन कल्याण समिति ने बालभवन में अध्यनरत बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित की

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। लोधी राजपूत जन कल्याण समिति द्वारा जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद के अंतर्गत बाल भवन में चलाए जा रहे डे केयर सेन्टर के 25 बच्चों को स्टेशनरी सामग्री की किट वितरित की गई। इसके लिए जिला बाल कल्याण अधिकारी फरीदाबाद डॉक्टर सतीश कुमार ने समिति का आभार व्यक्त किया।

इस केन्द्र में बाल श्रम वाले बच्चे व कूड़ा बीनने वाले बच्चे और जो बच्चे किसी कारणवश अपनी पढ़ाई छोड़ चुके हैं उन बच्चों को लाभ दिया जा रहा है। उद्देश्य यह है कि भटके हुए बच्चों को सही दिशा में लाया जा सके। इस अवसर पर लोधी राजपूत जन कल्याण समिति फरीदाबाद द्वारा बाल भवन के बच्चों के स्वास्थ्य को मद्देनजर रखते हुए उनको अच्छा वातावरण प्रदान करने के लिए यहां बाल भवन में खाली पड़े लॉन में एक हरा भरा पार्क बनाने के लिए जिला उपायुक्त से मुलाकात करेगें तथा पार्क को गोद लेकर उसे विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएगें। इसके लिए जिला बाल कल्याण अधिकारी डॉक्टर सतीश कुमार ने समिति को एक अनुरोध पत्र भी सौंपा।

लोधी राजपूत जन कल्याण समिति फरीदाबाद के सभी सदस्यों ने आश्वासन दिया कि हम जल्दी ही बाल भवन के बच्चों के लिए यहां हरा भरा पार्क बनाएंगे जिससे उनको अच्छा वातावरण मिल सके और बच्चे स्वस्थ रह सकें। समिति की इस सोच व सहयोग के लिए जिला बाल कल्याण परिषद के लेखाकर उदय चन्द ने उनके इस सामाजिक कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की व समिति के इस सहयोग के लिए जिला बाल कल्याण अधिकारी द्वारा समिति के लाखन सिंह लोधी को स्मृति चिन्ह दिलवाकर उनका आभार व्यक्त किया।

सभी ने लोधी राजपूत जन कल्याण समिति की हरा भरा पार्क बनाने की इस घोषणा की तारीफ की व परिषद द्वारा समिति का धन्यवाद भी किया गया। इस अवसर पर लोधी राजपूत जन कल्याण समिति फरीदाबाद से लाखन सिंह लोधी, संस्थापक/महासचिव, रूपसिंह लोधी अध्यक्ष, धर्मपाल सिंह लोधी कोषाध्यक्ष, जागेश्वर राजपूत सदस्य, जिला बाल बाल कल्याण परिषद से मांगे राम, सुमित शर्मा, श्रीमति सुमन टीचर, श्रीमति बबीता, श्रीमति पार्वती इत्यादि स्टाफ उपस्थित रहा। विशेष रूप मे परिषद के सोशल वर्कर अर्जुन गौड़ भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

युवा दिलों की धड़कन हैं दिग्विजय सिंह चौटाला: उमेश भाटी

दिग्विजय सिंह चौटाला को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे दिल्ली

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। आज दिल्ली फॉर्महाउस पर जननायक जनता पार्टी के तिगांव विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी जी ने जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव, श्री दिग्विजय सिंह चौटाला जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने श्री दिग्विजय सिंह चौटाला जी का बुके द्वारा स्वागत किया। वहीँ श्री दिग्विजय सिंह चौटाला जी ने भी फरीदाबाद का हाल चाल जाना , इस मौके पर काफी संख्या में हरियाणा से जेजेपी कार्यकर्ताओं ने श्री दिग्विजय चौटाला जी को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे। इस अवसर पर श्री दिग्विजय सिंह चौटाला जी ने जन्मदिन पर बधाई व आशीर्वाद देने वाले सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर तिगांव विधानसभा के अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता श्री उमेश भाटी जी ने अपने

सम्बोधन कहा की , युवा दिलों की धड़कन श्री दिग्विजय सिंह चौटाला जी के आज जन्मदिन को पूरा हरियाणा के कार्यकर्ता अपने अपने तरीके से मन रहे है। श्री उमेश भाटी जी ने कहा की आज श्री दिग्विजय सिंह चौटाला जी से बातचीत में उन्होंने कार्यकर्ताओं के अंदर जोश भरते हुए कहा है की आप संघर्ष करो, मंजिल बहुत करीब है। उमेश भाटी ने कहा की आने वाला समय डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और श्री दिग्विजय सिंह चौटाला का है और यह दोनों हरियाणा के कोहिनूर काफी लम्बे समय तक हरियाणा राजनीति सक्रिय भूमिका निभा सकते है। आज एक एक कार्यकर्ता जेजेपी पार्टी को आगे ले जाने का काम कर रहा है। इस मौके पर श्री दिग्विजय सिंह चौटाला जी ने कई बुजुर्ग कार्यकर्ताओं का पैर चुकार आशीर्वाद भी लिया और आने वाले राजनितिक समीकरण को लेकर कार्यकर्ताओं से तैयार रहने को कहा।

सौर ऊर्जा ट्युबबेल कनेक्शन के लिए जिले के किसान 01 मार्च तक सरल पोर्टल पर करें आवेदन: एडीसी आनंद शर्मा

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा के तहत जिला फरीदाबाद के किसान 6 श्रेणियों के 3 एचपी, 7.5 एचपी व 10 एचपी के सोलर ऊर्जा पम्प 75 प्रतिशत अनुदान पर लगवाने हेतू हरियाणा सरकार के सरल पोर्टल (saral-haryana.gov.in) पर दिनांक 01.03.2024 तक आवेदन कर सकते है। इसके अतिरिक्त बिजली आधारित कनैक्शन (DHBVN) के मौजूदा आवेदकों को सौर ऊर्जा पम्प के कनैक्शन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी, बशर्ते उनको अपने मौजूदा बिजली कनैक्शन का समर्पण करना पड़ेगा। इस वर्ष के लक्षित लाभार्थियों का चयन परिवार की वार्षिक आय व भूमि धारण के आधार पर किया जाएगा। इस बारे में अधिक जाकारी देते हुए एडीसी आनंद शर्मा ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन करने के लिए सभी किसानों को आवश्यक दस्तावेज जैसे परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है एवं आवेदक के नाम पर बिजली आधारित पम्प न हों, आवेदक के नाम पर कृषि भूमि की जमाबन्दी/फर्द होना आवश्यक है। किसान अपने खेत में सूक्ष्म सिंचाई

प्रणाली जैसे टपका, फव्वारा सिंचाई या भूमिगत पाईप लाईन स्थापित हो या पम्प लगाने से पहले स्थापित कर लेगें (प्रमाण पत्र/शपथ पत्र), अपलोड करना अति आवश्यक है। हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के सर्वेक्षण के अनुसार उन गांवों में जहां भूजल स्तर 100 फीट से नीचे चला गया है सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना अनिवार्य है, अन्य को भूमिगत पाईप लाइन या सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को लगाना अनिवार्य होगा। धान उगाने वाले किसान जिनके क्षेत्र में हरियाणा वाटर रिसोर्स अथॉरिटी की रिपोर्ट के आधार पर भूजल स्तर 40 मीटर से नीचे गिर गया है वह किसान इस योजना के पात्र नहीं है। पुराने सभी आवेदक भी नये सिरे से आवेदन करें (जिन्होनें अभी तक लाभार्थी हिस्सा जमा नहीं करवाया है)। किसान अपने ऑनलाईन आवेदन में क्षमता अनुसार जैसे 3 एचपी डीसी सरफेस मोनोब्लॉक, 7.5 एचपी डीसी सबमर्सिबल नार्मल कंट्रोलर तथा 10 एचपी डीसी सबमर्सिबल नार्मल कंट्रोलर और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल नार्मल कंट्रोलर, 10 एचपी डीसी सबमर्सिबल यूनिवर्सल कंट्रोलर और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल यूनिवर्सल कंट्रोलर सोलर पम्प के लिए लाभार्थी हिस्सा जमा करा सकते है व अपनी इच्छानुसार कम्पनी का चयन कर सकते है। इसके उपरान्त सरल पोर्टल पर दोबारा जाकर पेमेंट वेलीडेट करने के बाद ही किसान का आवेदन पूरा होगा, अन्यथा किसान का आवेदन पत्र रदद् समझा जाएगा। पेमेंट वेलीडेट करने के लिए किसान को बैंक से प्राप्त ट्रांजेक्शन नम्बर को सरल हरियाणा वेबसाईट पर भरना होगा व चालान की प्रति जिस पर बैंक द्वारा ट्रांजेक्शन नम्बर लिखा हुआ है व बैंक की स्टाम्प लगी हुई है, को पोर्टल पर ही अपलोड करना होगा। सोलर वाटर पमपिगं सिस्टम से सम्बन्धित अधिक जानकारी व नियम और शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए जिले के किसान विभाग की वेबसाईट (http://hareda.gov.in) पर जा सकते हैं या किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय, अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य परियोजना अधिकारी, फरीदाबाद (ADC-cum-CPO, Faridabad) कमरा नम्बर 403 में संपर्क कर सकते हैं।

जीजीडीएसडी कॉलेज में मोटिवेशनल कैंप व रोजगार मेले का आयोजन 22 फरवरी को

समाचार गेट/हेमलता

पलवल। पलवल के गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज में मोटिवेशनल कैंप व रोजगार मेले का आगामी 22 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। मेले में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला उपायुक्त नेहा सिंह शिरकत करेंगी। यह मोटिवेशनल कैंप व रोजगार मेला अतिरिक्त उपायुक्त ब्रह्मजीत रांगी की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। जिला

रोजगार अधिकारी शक्तिपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 फरवरी को पलवल के एस.डी. कॉलेज में मोटिवेशनल व रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य युवाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देने और जिम्मेदारी से अवगत करवाना है। इस मोटिवेशनल कैंप में युवाओं को स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्ट्रोल पार्टीसिपेशन) के बारे में जागरूक किया जाएगा। वहीं जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय द्वारा विभिन्न बैंकों से दिए जाने वाले ऋण संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। रोजगार के अलावा युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए आईटीआई की विभिन्न ट्रेडों की जानकारी दी जाएगी। इस मेला में विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए उनका साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

किसानों को सोलर ऊर्जा पम्प लगवाने पर दिया जाएगा 75 प्रतिशत अनुदान

समाचार गेट/हेमलता

पलवल। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा के तहत जिला पलवल के किसान 6 श्रेणियों के 3 एच.पी., 7.5 एच.पी. व 10 एच.पी. के सोलर ऊर्जा पम्प 75 प्रतिशत अनुदान पर लगवाने के लिए हरियाणा सरकार के सरल पोर्टल saralharyana.gov.in पर 20 फरवरी से आगामी 01 मार्च 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बिजली आधारित कनैक्शन (दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम) मौजूदा आवेदकों

को सौर ऊर्जा पम्प के कनैक्शन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी, लेकिन उनको अपने मौजूदा बिजली कनैक्शन का समर्पण करना होगा। एडीसी ब्रह्मदीप रांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष के लक्षित लाभार्थियों का चयन परिवार की वार्षिक आय व भूमि धारण के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खंड हथीन के गांव खाईका के केवल वही किसान सोलर पम्प लगवाने के पात्र होंगे, जो किसान पहले से ही डीजल पम्प सैट या जनरेटर सैट से अपनी खेती का कार्य कर रहे हैं तथा साथ में उनके लिए सूक्ष्म सिंचाई विधि स्थापित कराना भी अनिवार्य है।

ऑनलाईन आवेदन करने के लिए सभी किसानों को अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे परिवार पहचान पत्र, आवेदक के नाम पर बिजली आधारित पम्प का न होना, आवेदक के नाम पर कृषि भूमि की जमाबंदी अथवा फर्द का होना आवश्यक है। किसान को अपने खेत में पहले से ही सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली जैसे टपका, फव्वारा सिंचाई या भूमिगत पाइप लाइन स्थापित हो या पम्प लगाने से पहले स्थापित कर लेगें का प्रमाण पत्र अथवा शपथ पत्र को अपलोड करना अत्यंत जरूरी है। हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के सर्वेक्षण के अनुसार उन गांवों में जहां भूजल स्तर 100 फीट से नीचे चला गया है, वहां सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना अनिवार्य है। इसके अलावा अन्य को भूमिगत पाइप लाइन या सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को लगाना अनिवार्य होगा। धान उगाने वाले किसान जिनके क्षेत्र में एचडब्ल्यूआरए की रिपोर्ट के आधार पर भूजल स्तर 40 मीटर से नीचे गिर गया है, वह किसान इस योजना के पात्र नहीं हैं। उन्होंने बताया कि जिन पुराने आवदेकों ने अभी तक लाभार्थी हिस्सा जमा नहीं करवाया है वे सभी आवेदक भी नए सिरे से आवेदन करें। किसान अपने ऑनलाइन आवेदन में क्षमता अनुसार जैसे 3 एच.पी. डी.सी. सरफेस मोनोब्लॉक, 7.5 एच.पी. डी.सी. सबमर्सिबल नॉर्मल कंट्रोलर तथा 10 एच.पी. डी.सी. सबमर्सिबल नॉर्मल कंट्रोलर और 10 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल नॉर्मल कंट्रोलर, 10 एच.पी. डी.सी. सबमर्सिबल यूनिवर्सल कंट्रोलर और 10 एच.पी. ए.सी. सबमर्सिबल यूनिवर्सल कंट्रोलर सोलर पम्प के लिए लाभार्थी हिस्सा जमा करा सकते है व अपनी इच्छानुसार कम्पनी का चयन कर सकते हैं। इसके उपरांत सरल पोर्टल पर पुन: विजिट करके पेमेंट वेलीडेट करने के बाद ही किसान का आवेदन पूरा होगा अन्यथा किसान का आवेदन पत्र रद्द समझा जाएगा। पेमेंट वेलीडेट करने के लिए किसान को बैंक से प्राप्त ट्रांजेक्शन नम्बर को सरल हरियाणा वेबसाईट पर भरना होगा व बैंक द्वारा मोहर के साथ ट्रांजेक्शन नम्बर लिखे हुए चालान की प्रति को पोर्टल पर ही अपलोड करना होगा। सोलर वाटर पमपिंग सिस्टम से संबंधित नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए जिला के किसान विभागीय वेबसाईट http://hareda.gov.in पर विजिट कर सकते हैं या किसी भी कार्य दिवस पर लघु सचिवालय पलवल के प्रथम तल पर स्थित कमरा नंबर-106 में अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य परियोजना अधिकारी पलवल के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

पलवल- शहर थाना पुलिस ने दुकानों से चोरी की दो वारदातों का किया खुलासा

समाचार गेट/हेमलता

पलवल। शहर थाना पुलिस ने दुकानों से चोरी की दो वारदातों का किया खुलासा कर दो आरोपी गिरफ्तार किये हैं। पलवल पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है। शहर थाना पलवल प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार के अनुसार मनीष मंगला निवासी हुडा सेक्टर-2 ने चौकी बस अड्डा पलवल को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी दुकान मनीष मशीनरी स्टेनरी स्टोर ओल्ड जीटी रोड पर है दिनांक 11 जनवरी 2024 की सुबह 5:30 बजे पता चला कि दुकान का ऊपर का शटर टुटा हुआ है। दुकान व अन्दर से पितल की टूटी व पीतल के पेच आदि सामान चोरी हो गया। मामले में बस स्टैंड चौकी में तैनात सहायक उप निरीक्षक प्रेम सिंह के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को नियम अनुसार गिरफ्तार किया है। इसके अलावा आरोपियों ने भवन कुण्ड चौक के पास गुप्ता ईलेक्टिक के नाम से दुकान से 2200 रुपये व तार के 20 बण्डल चोरी किए थे जिस सम्बन्ध में धर्मेंद्र निवासी धर्मनगर पलवल की शिकायत पर अलग से मामला दर्ज है। उक्त मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा जा चुका था। अब दोनों आरोपियों को पेश अदालत कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि में चोरी सामान को बरामद करने के प्रयास किए जायेंगे।

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 23 को: डीसी

समाचार गेट ब्यूरो

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि शुक्रवार, 23 फरवरी को फरीदाबाद मण्डल आयुक्त रमेश चन्द्र बिढाण की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक प्रात: 11:00 बजे सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की जाएगी। डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मण्डलायुक्त रमेश चन्द्र बिढाण द्वारा ली जाने वाली बैठक को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

डॉ.बी.आर.अम्बेडकर मेधावी छात्रवृति योजना का लाभ जल्द से जल्द उठाएं विद्यार्थी : डीसी

समाचार गेट/हेमलता

पलवल। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि डा. बी.आर. अंबेडकर मेधावी छात्रवृति योजना के अंतर्गत छात्रवृति के लिए उर्तीण हुए 10वीं कक्षा के सभी वर्गों जैसे अनुसूचित जाति तथा पिछडा वर्ग (ब्लाक-ए) तथा (ब्लाक-बी) तथा अन्य सभी समुदाय के विद्यार्थी व 12वीं तथा स्नातक के अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा आवेदन किए गए हैं, जिनमें से काफी संख्या में ऐसे आवेदन प्राप्त हुए जिनके दस्तावेज योजना की हिदायतों के अनुसार पूर्ण नही करवाए गए। ऐसे विद्यार्थियों के आवेदन पत्र लंबित हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनके दस्तावेज योजना अनुसार पूर्ण नहीं हैं वह सभी छात्र 25 फरवरी 2024 तक अपने कागजात पूरे करवाकर स्कीम का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए पुराना कोर्ट परिसर स्थित जिला कल्याण अधिकारी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

छात्रों को कराया योगासन

समाचार गेट/रोबिन माथुर

हथीन। राजकीय स्कूल रहराना में योगाचार्य गुरुमेश आर्य ने छात्र-छात्राओं को योगासन कराया। इस अवसर पर योगाचार्य ने योग के महत्व एवं इसके लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि योग क्रियाओं से न केवल रोग दूर होते हैं वहीं मानसिक शांति भी मिलती है। उन्होंने अधिकाधिक लोगों को योग अपनाने की अपील की।

सड़क दुर्घटना में मृत महिला की नही हुई पहचान

समाचार गेट/रोबिन माथुर

हथीन। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर गांव नौरंगाबाद के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक महिला की मृत्यु हो गई। मृतक महिला की पहचान अभी तक नही हो पाई है। मण्डकौला चौकी पुलिस ने मृतक महिला की पहचान कराने के लिए उसके शव को जिला होर्सपिटल की मोर्चरी में रखवाया हुआ है। जांच अधिकारी वहीद ने बताया कि 19 फरवरी को सुबह छह बजे महिला अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई थी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस संदर्भ में एक खोखा दुकानदार नौरंगाबाद निवासी अमर सिंह के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। महिला की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

संपादकीय

आरक्षण की उलझी गुत्थी

मराठा आरक्षण के मुद्दे पर विचार करने के लिए मंगलवार, 20 फरवरी को महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। माना जा रहा है कि सरकार ने इस जटिल मसले को सुलझाने का कोई फॉर्म्युला निकाल लिया है, जो बैठक के दौरान प्रस्ताव के रूप में सामने आ सकता है। अभी यह पता नहीं है कि इस प्रस्ताव में क्या है? लेकिन इतना तय है कि यह मुद्दा इतना जटिल रूप ले चुका है कि कोई एक फॉर्म्युला शायद ही इसे सुलझा पाए!

दलों में सहमति : दिलचस्प है कि मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की इस मांग पर महाराष्ट्र के सभी प्रमुख दलों में सर्वसम्मति काफी पहले से बनी हुई दिख रही है। इसके बावजूद अगर यह मसला सुलझ नहीं पा रहा तो इसके पीछे कानूनी जटिलताओं के साथ ही प्रदेश के सामाजिक समीकरणों का भी हाथ है।

आरक्षण सीमा का सवाल : राजनीतिक सर्वसम्मति की ही बदौलत महाराष्ट्र विधानसभा 2018 में ही मराठा समुदाय को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में 16 फीसदी आरक्षण देने वाला विधेयक पारित कर चुकी है। मगर इससे राज्य में कुल आरक्षण 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा से ऊपर चला गया। नतीजा यह कि 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया।

निशाने पर सरकार : स्वाभाविक ही इसके बाद मराठा आरक्षण की मांग कर रहे नेताओं और संगठनों ने सरकार की इस आधार पर आलोचना शुरू कर दी कि वह रिजर्वेशन का कोई कानूनी तौर पर स्वीकार्य रास्ता नहीं निकाल रही। सरकार ने इसका एक व्यावहारिक उपाय यह निकाला कि मराठा समुदाय को कुणबी सर्टिफिकेट देकर आरक्षण का हकदार बना दिया जाए, जिससे कुल आरक्षण सीमा के अंदर रहते हुए ही उनकी मांग पूरी हो जाए। लेकिन मराठा समुदाय के कथित ओबीसीकरण की इस कोशिश पर कुणबी समुदाय नाराज हो गया। उसका कहना था कि इससे आरक्षण के उसके हिस्से में कटौती होगी।

ओबीसी और मराठा: फिलहाल स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थक उन्हें राज्य के सबसे प्रभावी मराठा नेता के रूप में पेश करने में लगे हैं। उनका मानना है कि मराठा आरक्षण देने के बाद उनका कद बढ़ेगा। दूसरी ओर सरकार में शामिल NCP (अजित धड़ा) के एक प्रमुख नेता छगन भुजबल OBC समुदाय की ओर से इस मसले पर तलवारें ताने हुए हैं। शुरुआती संकेतों के मुताबिक उन्हें OBC समुदाय के तमाम नेताओं का समर्थन भी मिल रहा है।

इधर कुआं, उधर खाई: गौर करने की बात है कि जहां मराठा समुदाय (करीब 30 फीसदी) राजनीतिक तौर पर राज्य का सबसे प्रभावी समूह माना जाता है, वहीं OBC समुदाय संख्या के तौर पर सबसे बड़ा समूह (करीब 52 फीसदी) है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि राज्य सरकार के फॉम्युले से कौन कितना संतुष्ट या असंतुष्ट होता है और उससे प्रदेश के राजनीतिक समीकरणों में किस तरह का बदलाव आता है।

जापान देगा नौ परियोजनाओं के लिए 232 अरब का ऋण

समाचार गेट ब्यूरो/भावना कौशिश



नई दिल्ली। जापान सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में नौ परियोजनाओं के लिए 232.209 अरब जापानी येन की राशि का आधिकारिक विकास सहायता (ओडीए) ऋण देने की प्रतिबद्धता की है। इस ऋण की स्वीकृति आज वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग के अतिरिक्त सचिव श्री विकास शील और भारत में जापान के राजदूत श्री सुजुकी हिरोशी के बीच हुई। सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी परियोजनाओं का लक्ष्य भारत के उत्तर पूर्व क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का समुचित विकास करना है, जबकि चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड परियोजना का उद्देश्य यातायात भीड़ को कम करना और राज्य के दक्षिणी हिस्से से कनेक्शन को मजबूत करना है। नागालैंड में परियोजना मेडिकल कॉलेज अस्पताल विकसित करके तृतीयक स्तर की चिकित्सा सेवा वितरण व्यवस्था विकसित करने में मदद करेगी, इससे सकल स्वास्थ्य कवरेज में काफी योगदान होगा। तेलंगाना में एक अनूठी परियोजना महिलाओं और ग्रामीण आबादी पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उद्यमशीलता कौशल को उभारने और एमएसएमई के व्यापार विस्तार को बढ़ावा देने में मदद करेगी। हरियाणा में, यह परियोजना स्थायी बागवानी को बढ़ावा देगी और फसल विविधीकरण तथा बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देते हुए किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगी। राजस्थान में वानिकी परियोजना वनीकरण, वन और जैव विविधता संरक्षण के माध्यम से पारितंत्र को और भी सुदृढ़ करेगी। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में, परियोजना का लक्ष्य शहरी कस्बों को लगातार जल आपूर्ति प्रदान करना है। समर्पित माल गलियारा परियोजना की पांचवीं किश्त नई समर्पित माल रेलवे प्रणाली के निर्माण में मदद करेगी और माल ढुलाई में आई तेजी को संभालने में सक्षम इंटर मॉडल लॉजिस्टिक सिस्टम का आधुनिकीकरण करेगी।

भारत और जापान के बीच 1958 से द्विपक्षीय विकास सहयोग का एक लंबा और उपयोगी इतिहास रहा है। भारत-जापान संबंधों के प्रमुख स्तंभ आर्थिक साझेदारी में पिछले कुछ वर्षों में लगातार प्रगति हुई है। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए ऋण की स्वीकृति के आदान-प्रदान से भारत और जापान के बीच रणनीतिक तथा वैश्विक साझेदारी और भी मजबूत होगी।

ओडीए ऋण सहायता निम्न परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्ध है:

उत्तर पूर्व सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना (चरण 3) (किश्त 2): धुबरी-फुलबारी पुल (34.54 अरब जेपीवाई)

उत्तर पूर्व सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना (चरण 7): एनएच 127बी (फुलबारी-गोएराग्रे खंड) (15.56 अरब जेपीवाई)

तेलंगाना में स्टार्ट-अप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए परियोजना (23.7 अरब जेपीवाई)

चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड (चरण 2) के निर्माण की परियोजना (49.85 अरब जेपीवाई)

हरियाणा में स्थायी बागवानी को बढ़ावा देने की परियोजना (किश्त 1) (16.21 अरब जेपीवाई)

राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और परितंत्र सेवा संवर्धन के लिए परियोजना (26.13 अरब जेपीवाई)

नागालैंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च, कोहिमा में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना के लिए परियोजना (10 अरब जेपीवाई)

उत्तराखंड में शहरी जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार के लिए परियोजना (16.21 अरब जेपीवाई); और समर्पित माल गलियारा परियोजना (चरण 1) (किश्त 5) (40 अरब जेपीवाई)

अवकाश यात्रा रियायत को लेकर राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला प्रधान एव ब्लॉक प्रधान हुए गंभीर

समाचार गेट/सतीश खतरी

तोशाम। अवकाश यात्रा रियायत कर्मचारी का अधिकार है और कर्मचारियों को उसका हक समय पर मिलना चाहिए। इसको लेकर संघ के जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी एवं सहायक खजाना अधिकारी के साथ बैठक हुई जिसका संचालन ब्लॉक प्रधान संजय बुशान ने किया। बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह के सामने विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई जिसमें अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) को लेकर सहायक खजाना अधिकारी से एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें सहायक खजाना अधिकारी ने बताया कि जो एलटीसी स्वीकृत हो चुकी है और उनका 365 दिन हो चुके हैं उनके बारे में खंड शिक्षा अधिकारी यह लिखकर दे की यह एलटीसी बकाया है इस बात पर सहमति जताते हुए सहायक खजाना अधिकारी अजय सिंह सनसनवाल ने कहा कि जिसमे एलटीसी को 365 दिन हो चुके हैं उसपर एलटीसी खंड शिक्षा अधिकारी यह लिखकर दे कि उक्त कर्मचारी की एलटीसी बकाया है। अन्यथा उसको स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर व ब्लॉक प्रधान संजय बुशान दोनों ने अपने ब्लॉक तोशाम के सभी प्राथमिक अध्यापक व अन्य अध्यापकों की एलटीसी बिना किसी ठोस कारण के बिना नहीं रोकने की बात कही ।इस पर खजाना अधिकारी ने कहा कि बिना किसी ठोस कारण के किसी भी एलटीसी को नहीं रोका जाएगा इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह ने कहा कि अध्यापक का कार्य मेरी प्राथमिकता रहती है ।अगर खजाना अधिकारी यह चाहते हैं कि पेंडिंग लिस्ट एलटीसी की चाहिए तो हम तुरंत प्रभाव से भिजवाने का काम करेंगे। ताकि हमारे अध्यापक को किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने कार्यालय से खंड के सभी स्कूलों के लिए एक पत्र जारी किया जिसमें सभी कर्मचारियों की पेंडिंग एलटीसी का ब्यौरा मांगा गया है और इसके लिए समय सीमा भी निर्धारित की गई है। इस पत्र को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के सभी स्कूलों से आग्रह करता है कि उक्त जानकारी समय पर उपलब्ध करवाए । इस अवसर पर जिला प्रेस प्रवक्ता अनिल सांगवान कोषाध्यक्ष रमेश कुमार ,विनोद पूनिया, समिंदर सिंह हसान,संजय सरल, सुनील देवी ,मनजीत, दिनेश कुमार, सुरेश कुमार, सज्जन सिंह ज्योति आदि उपस्थित थे।

एंटी नारकोटिक्स सेल होडल ने मादक पदार्थ 3.42 ग्राम स्मैक सहित एक तस्कर आरोपी धरा

समाचार गेट/ऋषि भारद्वाज

होडल। प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी डॉ० अंशु सिंगला, आईपीएस द्वारा जिला पुलिस को नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं। नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत इसी कड़ी में कार्य करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल होडल ने एक तस्कर को स्मैक मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एंटी नारकोटिक्स सेल होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 19 फरवरी 2024 को उनकी टीम में तैनात एएसआई राजबीर सिंह के नेतृत्व में टीम नशा गतिविधियों पर रोकथाम हेतु थाना होडल क्षेत्र अंतर्गत गढी पट्टी मोड होडल मौजुद थे जहां उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि अन्धुवा पट्टी होडल निवासी एक युवक पांडवन कालोनी मे अपनी RO के पानी की दुकान पर बाहर से लाकर नशीला पदार्थ स्मैक बैचता है और आज भी अपनी ऋ के पानी की दुकान के सामने खडा होकर नशीला पदार्थ स्मैक बैच रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने बिना किसी देरी के मौका पर दबिश देकर युवक उक्त को काबु किया। काबू किए गए युवक उपरोक्त की नोडल अफसर कुलदीप सिंह डीएसपी होडल के समक्ष नियमानुसार तलाशी मे युवक से मिली प्लास्टिक पन्नी के अन्दर नशीला पदार्थ 3 ग्राम 42 मिली ग्राम स्मैक मिली। बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत थाना होडल में मामला पंजीबद्ध किया गया। आगामी जांच इकाई द्वारा आरोपी से बरामद मादक पदार्थ के स्त्रोत बारे गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

केएमपी पर लूट के मामले में आरोपी को भेजा जेल

समाचार गेट/रोबिन माथुर

हथीन। समीपवर्ती गांव मिंडकौला के निकट केएमपी पर बाइक सवार चार बदमाशों द्वारा कार सवार लोगों को गन प्वाइंट पर लूटने के मामले में हथीन क्राइम ब्रांच द्वारा पुलिस रिमांड पर लिए गए बदमाश अब्बास निवासी खेडा खलीलपुर की रिमांड अवधि पूरी होने के उपरांत अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जांच अधिकारी एएसआई उपदेश ने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से 500 रूपए भी बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान पता चला कि लूट के मामले में ये चार आरोपी शामिल थे। जिनमें से एक आरोपी नूंह जेल में बंद है। जिसे प्रोडक्शन वारंट पर हासिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान लूट में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में भी पता किया गया है। शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

होडल थाना पुलिस ने वर्ष 2014 के गोकशी एवं जानलेवा हमला मामले में फरार चल रहे आरोपी पर कसा शिकंजा

समाचार गेट/ऋषि भारद्वाज

होडल। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल डॉ अंशु सिंगला के कुशल निर्देशन में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में होडल थाना पुलिस ने लगभग 10 साल से फरार चल रहे हैं वर्ष 2014 के गोकशी एवं जानलेवा हमला मामले में संलिप्त आरोपी को नियम अनुसार गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना होडल प्रभारी निरीक्षक उमर मोहम्मद के अनुसार थाना में धारा 307,427,आईपीसी व 25.54.59 शस्त्र अधिनियम तथा गोकशी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमा न0 571/14 में थाना होडल मे आली मेव थाना बहीन जिला पलवल निवासी आरोपी को नियम अनुसार गिरफ्तार किया गया है। आरोपी उपरोक्त मुकदमा मे माननीय अदालत से पीओ भी चला आ रहा था। आरोपी के माननीय अदालत से कई बार विज्ञापन व गिरफ्तारी वारण्ट जारी कराये गये लेकिन आरोपी किसी भी विज्ञापन व वारण्ट पर माननीय अदालत मे हाजिर नही हुआ। माननीय अदालत के आदेशो की अवहेलना करने पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 ए के तहत एक अन्य मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। नैशनल ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेस वे 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा सालभर पूर्व शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 345वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता विजयपाल सेहलंग ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कट बनाए जाने का आश्वासन दिया गया है लेकिन धरातल पर कार्य शुरू नहीं किया गया है। जनहित को ध्यान में रखते हुए एनएच 152डी पर कट का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाना चाहिए। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि ग्रामीण कट बनाने की मांग को लेकर धरनारत हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों मांग पर काम शुरू नहीं कर रही है। जिससे उनमें आक्रोस बढ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर बाबूलाल, नरेंद्र शास्त्री, बेड़ा सिंह, रामकिशन, सूबेदार सुखबीर सिंह, हरिओम पोता, धर्मपाल सिंह,मुंशी राम, सूबेसिंह,रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

कनीना में 22 को मनाया जायेगा भगवान विश्वकर्मा प्रकट उत्सव दिवस

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा की कनीना इकाई एवं जांगिड ब्राह्मण विकास सभा कनीना के संयुक्त तत्वावधान में बीते वर्ष की भांति 22 फरवरी बृहस्पतिवार को, माघ शुक्ला त्रयोदशी के अवसर पर शिल्पकार भगवान विश्वऽर्मा प्राकट्य दिवस मनाया जायगा। पूर्व प्राचार्य अशोक पैकेन ने बताया कि कनीना मंडी स्थित विश्वकर्मा धर्माशाला में आयोजित इस समारोह में सभा के पदाधिकारी हिस्सा लेगें। समारोह की शुरूआत सुबह 9 बजे हवन के साथ की जाएगी। उसके बाद अतिथि सत्कार होगा। भजन उपदेश के माध्यम से भगवान विश्वऽर्मा की स्तुती की जायगी। समारोह के समापन अवसर पर प्रसाद वितरित किया जायेगा। शाखा प्रधान औमप्रकाश आर्य ने बताया की समारोह की तैयारियां की जा रही हैं।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुचावास के छात्रों ने किया बाल भवन गतिविधियों का भ्रमण

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुचावास के लगभग 150 छात्रों ने बाल भवन नारनौल में चलाई जा रही गतिविधियों का भ्रमण किया। यह भ्रमण वोकेशनल ट्रेनर आईटीईएस नरेन्द्र सैनी, पीजीटी हिन्दी अशोक कुमार, वोकेशनल ट्रेनर ब्यूटी एडं वेलनैस दीपिका यादव, आर्ट एडं क्राफ्ट टीचर पूनम तथा डीपीई शर्मिला के नेतृत्व में किया।

इस दौरान बाल भवन से कार्यक्रम अधिकारी विवेक कुमार व तीरन्दाजी प्रशिक्षक सुरेन्द्र शर्मा ने सभी छात्रों को परिषद द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से अनुरोध किया कि वे इन गतिविधियों में अपनी हिस्सेदारी करें तथा अपनी जान पहचान के बच्चों को भी इन गतिविधियों से जोड़े। सर्वप्रथम छात्रों ने साइंस म्यूजियम में रूची दिखाते हुए भिन्न-भिन्न साइंस माडल का अवलोकन किया तथा उनके बारे में विस्तार से जाना। इसके बाद ई-लाईब्रेरी एवं डिजिटल लैंग्वेज लैब में छात्राओं से उनकी शिक्षा से संबंधित प्रश्न पुछे गए तथा लाईब्रेरी में मिल रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र की कक्षा में सभी छात्रों को कम्प्यूटर के क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के लिए सिखाए जा रहे कोर्स के बारे में बताया।

इसके बाद सिलाई कटाई एवं कढ़ाई प्रशिक्षण केन्द्र एवं हेयर एंड स्किन केयर प्रशिक्षण केन्द्र छात्राओं को स्वरोजगार शुरू करने अथवा रोजगार प्राप्त करने के लिए इन केन्द्रों में सिखाए जाने वाले कोर्स बारे में बताया गया तथा अन्त में बाल भवन परिसर के खेल मैदान में चल रही तीरन्दाजी प्रशिक्षण कक्षा में तीरन्दाजी खेल के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने तीरन्दाजी के साथ-साथ अपनी रूची अनुसार बाल भवन द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों व समय-समय पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा अपने क्षेत्र व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अन्त में स्कूल से आए अध्यापकगणों ने बच्चों के लिए चलाई जा रही गतिविधियों की भरपुर सराहना की तथा अधिक से अधिक बच्चें इन गतिविधियों से लाभ उठाएगें, ऐसा बच्चों की तरफ से आश्वासन दिया ताकि इन बच्चों का उत्थान हो सकें जिससे उनकी समाज में अलग से पहचान बन सकें।

सड़क पर पैदल जा रहे नोसवा गांव के व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

समाचार गेट/सुनील दीक्षित

कनीना। बव्वा-कारोली मार्ग पर घटित सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नोसवा गांव के 48 वर्षीय रवि के रूप में हुई है। मृतक के भाई रिंकू की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव का पंचनामा करवा परजिनों को सौंप दिया। रिंकू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका भाई जरूरी कार्य से कारोली आया था। मंगलवार सुबह करीब साढे 8 बजे कारोली-बव्वा के मध्य से गुजर रही जवाहर लाल नेहरू कैनाल नहर के पुलिया पर पंहुचा तो एक भारी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टायरों के नीचे कुचले जाने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पंहुची ओर शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। पुलिस के अनुसंधान अधिकारी गुलाब सिंह बताया कि हादसे के आरोपी वाहन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शव का पंचनामा करवाकर परिजनों को सौंप दिया। आरोपी चालक को गिरफ्तार करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

पत्रकार समाज की समस्याओं के समाधान हेतु एमडब्ल्यूबी ने सौंपा कैबिनेट मंत्री अनिल विज को ज्ञापन

विज ने कहा : सरकार से बात कर निकालेंगे समाधान

समाचार गेट/रोबिन माथुर

हथीन। हरियाणा के इतिहास में अभी तक बनी सरकारों ने पत्रकारों को मात्र एक उपयोग का जरिया माना यानि वह वर्ग जिसने हर पीड़ति व्यक्ति-परिवार-समाज और क्षेत्र की आवाज को बुलंद किया, वह वर्ग जिसने कर्मचारियों की समस्याओं को अपना माना, वह वर्ग जो विपक्ष का भी मुख बना और सरकार की सरकारी योजनाओं- नीतियों और जनहित से जुड़े कार्यों को जोर-जोर से प्रसारित व प्रसारित किया, लेकिन यही वर्ग अपनी लड़ाई में हारता रहा। अपने सभी हित इस समाज के दाव पर लग रहे। अन्य वर्ग खूब संपन्न हुए, लेकिन पत्रकार समाज अपने अधिकारों से सदा वंचित होता रहा। कोरोना काल जैसी विकट परिस्थितियों में लोगों को राहत दिलवाने का काम पत्रकारों ने किया, लेकिन उस संकट के दौर में आर्थिक असंपन्नता के कारण खुद पत्रकारों को ही पर्याप्त राहत नहीं मिल पाई। कुछ पत्रकारों तथा उनके परिजनों ने इस संक्रमण के कारण अपनी जान तक भी गवाई। कथित पत्रकार हितेषी संगठन पूरी तरह से उस दौरान मूकदर्शक थे। अपने निजी हितों को सदा पत्रकारों के नाम पर साधने वाले पूरी तरह से मौन थे। उस संकट की घड़ी में वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर धरणी ने वास्तविक रूप से पत्रकार समर्पित एक मजबूत संगठन खड़ा करने का मन बनाया और कुछ वरिष्ठ साथियों से चर्चा- परिचर्चा कर तुरंत मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन का पौधा लगा दिया गया (गठन कर दिया गया)। आज यह पौधा पूरी तरह से जवान विकसित फलदार पेड़ बन चुका है। जिसके मीठे फल पत्रकारों को खूब मिनरल्स दे रहे हैं।

संस्था कोष से पत्रकारों व उनके परिवारों को संस्था कर चुकी है 8 लाख रुपए का वितरण

एमडब्ल्यूबी के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी की अथक कोशिशों वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सकारात्मक रवैया के चलते कई बड़ी योजनाएं पत्रकारों के लिए शुरू हुई। आज एमडब्ल्यूबी पहली ऐसी संस्था बनी है जो किसी भी पत्रकार से सदस्यता या इंश्योरेंस की एवज में कोई शुल्क नही लेती। संस्था अपने निजी कोष से अब तक अंबाला के वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार को किडनी ट्रांसप्लांट व अन्य उपचार के लिए डेड लाख रुपए, यमुनानगर के पत्रकार रमेश को किडनी ट्रांसप्लांट के वक्त 1 लाख रुपये, पानीपत के दिवंगत पत्रकार देवेन्द्र शर्मा के परिवार को 50000 रुपये, रेवाड़ी के पत्रकार नरेंद्र वत्स की धर्मपत्नी के इलाज हेतु 25000 रुपये, नुहू के पत्रकार की कवरेज के दौरान हिंसा में गाड़ी जलने पर 30000 रुपए समेत लगभग 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता पत्रकार साथियों दे चुकी है।

पत्रकारों के सम्मान को समझा और बढ़ाया है एमडब्ल्यूबी ने

संस्था लगातार अपने वरिष्ठतम

पत्रकारों के सम्मान को भी बढ़ाने का काम कर रही है। कुछ ही समय पहले राष्ट्रीय राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र भरतरिया के नाम पर अवार्ड शुरू करने की घोषणा भी चंद्रशेखर धरनी द्वारा की गई है। इससे पहले पत्रकारिता जगत में आयाम स्थापित करने वाले चंडीगढ़ के दिवंगत पत्रकार रमेश शर्मा की स्मृति समिति में शुरू हुआ अवार्ड सीनियर पत्रकार व संपादक यादराम बंसल को दिया गया। जो प्रतिवर्ष हरियाणा के एक पत्रकार को दिया जाएगा। इसके अलावा देशद्रोहियों से लगातार लोहा लेने वाले देश के अति वरिष्ठ पत्रकार लाला जगत नारायण के नाम पर भी अवार्ड संस्था द्वारा शुरू किया हुआ है। संस्था 80 वर्ष से ऊपर के एक्टिव पत्रकारों को भी अपने कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों के हाथों से सम्मानित करवाती रहती है।

एक परिवार में रहे एक से अधिक विधायक या सरकारी कर्मचारी पेंशन ले सकते हैं तो पत्रकार क्यों नहीं : धरणी

मीडिया वेल बीइंग एसोसिएशन द्वारा हाल ही में दिवंगत पत्रकार ज्ञानेंद्र भारतरिया के पुत्र को 10 लाख रुपए का चेक प्रदेश के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के हाथों दिलवाया गया। यह राशि संस्था द्वारा संस्था द्वारा अनिल विज को एक मांग पत्र सोपा गया और जल्द इन समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन किया गया। दरअसल पत्रकारों को पैंशन देने के मामले में सरकार की अधिसूचना 14 नवम्बर 2023 में एक परिवार में एक से अधिक पत्रकार को पैंशन न देने का जिक्र है। संस्था ने यह अधिसूचना सरकार से शीघ्र वापिस लेने की अपील की है। धरणी ने कहा कि अगर एक परिवार के अलग-अलग सदस्य सरकारी नौकरी से सेवानिवार्त्ति के बाद पेंशन ले सकते है। विधायकों में पति-पत्नी, पिता-पुत्र, भाई-भाई जो विधायक हैं या रहें हैं वह ले सकते हैं तो पत्रकारों के एक ही परिवार में रहे पत्रकार सदस्य अलग-अलग क्यों नही? इसके साथ-साथ धरणी ने कहा कि अधिसूचना में किसी भी पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर पैंशन या सरकार से मिलने वाली सुविधाओं को बंद करने का उल्लेख है। सरकार इसे भी शीघ्र वापिस ले। विधायकों या जन प्रतिनिधियों के लिए जिस प्रकार 2 साल या उससे अधिक सजा होने की व्यवस्था है। उसी प्रकार की व्यवस्था पत्रकारों के लिए भी होनी चाहिए। क्योंकि एफआईआर तो फर्स्ट इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट है, इसको आधार न बना 2 साल या उससे अधिक सजा होने पर ही पत्रकारों के लिए इस अधिसूचना के नियम में संशोधन होना चाहिए।

वरिष्ठ अधिवक्ताओं का समूह पत्रकारों को देगा सुरक्षा का आवरण : धरणी

बता दें कि पत्रकारों को एक सुरक्षा का आवरण प्रदान करने हेतु संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी के दिशा निर्देश पर पत्रकारों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने हेतु कानूनी प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष एडवोकेट अशोक कौशिक (पानीपत) है। इसमें एडवोकेट नवीन जागलन, सुशील कौशिक पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय भी शामिल है। इसके अलावा सुखविंदर नारा, जगदीप घणघस, संजीव जैसे वरिष्ठ अधिवक्ता भी शामिल किए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य पत्रकार साथियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर कानूनी सलाह देना है।

संस्था ने विज को ज्ञापन सौंप यह भी रखी मांगे

संस्था अध्यक्ष चंद्रशेखर धरणी ने कहा कि मीडिया व उनके परिवारों के लिए कैशलेस हैल्थ सुविधा शीघ्र लागू की जाए। मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन (रजि0) को पंचकूला में मुख्यालय बनाने व प्रेस क्लब चंडीगढ़ की तर्ज पर भवन बनाने के लिए सस्ते दाम पर 500 गज (एक कैनाल) जगह उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही पत्रकारों के लिए सस्ते दामों पर आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। प्रजातन्त्र के तीन स्तम्भों की तरह को चौथे स्तंभ मीडिया को भी टोल फ्री सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मीडिया के लिए मुफ्त मेडिकल सुविधा पूरे हरियाणा में की जाए। हरियाणा सरकार द्वारा डिजिटल मीडिया के लिए बनाए गए नियमों में मान्यता प्रदान करने की व्यवस्था को सरल किया जाए तथा पड़ोसी राज्य पंजाब व अन्य राज्यों की तर्ज पर संशोधन किया जाए। किसी भी वेबमीडिया का मुख्यालय चाहे हरियाणा से बाहर हो, उन्हें भी मान्यता प्रदान की जाए। हरियाणा प्रेस मान्यता कमेटी तथा प्रेस रिलेशन कमेटी का पुर्न गठन किया जाए तथा मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन के दो दो सदस्यों को उसमें शामिल किया जाए। मासिक मैगजीन व अखबारों की बन्द की एकराडिशन व्यवस्था सुदृढ़ कर पुन: शुरू की जाए। धरणी ने इस मांग पत्र के माध्यम से मीडिया जगत की आर्थिक स्थिति को कमजोर बताते हुए सभी जिलों में 15 साल से अधिक सक्रिय पत्रकारों व उनके परिवारों के सहयोग के लिए 10 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने पर विचार करने, वेब/डिजिटल की एकराडिशन पॉलिसी को सरल करने तथा मुख्यालय हरियाणा से बाहर जालन्धर,नोएडा,दिल्ली या अन्य कहीं पर है को प्रिंट मीडिया की तरह मान्यता प्रदान करने का प्रावधान करने की मांग की। हरियाणा सरकार द्वारा डिजिटल मीडिया के लिए बनाए गए नियमों में मान्यता प्रदान करने की व्यवस्था को सरल करने समेत इन्हें पड़ोसी राज्य पंजाब व अन्य राज्यों की तर्ज पर संशोधन करने के लिए भी कहा। इस अवसर पर एम डब्ल्यु बी उत्तर भारत के अध्यक्ष चन्द्र शेखर धरणी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निश्छल भटनागर, महासचिव सुरेन्द्र मेहता, कोषाध्यक्ष तरुण कपूर, प्रांतीय संगठन सचिव पवन चोपड़ा, कार्यकारिणी सदस्य दयानंद शर्मा, सुधीर तंवर, विकेश शर्मा, राजकुमार, यमुनानगर जिलाध्यक्ष देवीदास शारदा इत्यादि मौजूद रहे।

जेजेपी ने अनाथ आश्रम पहुंचकर मनाया दिग्विजय चौटाला का जन्मदिन

समाचार गेट/रोबिन माथुर

हथीन। अनाथ आश्रम बघोला में जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला का जन्मदिन जजपा के जिला महासचिव नाजिम खान सरपंच खिल्लुका के नेतृत्व में मनाया गया। नाजिम ने बताया कि आज युवाओं के प्रेरणा स्रोत दिग्विजय चौटाला का जन्म दिन है। दिग्विजय चौटाला ने हमेशा छात्रों का साथ या युवाओं के हक की लड़ाई लड़ते रहते हैं। देश और प्रदेश में जहां भी छात्रों या युवाओं की आवाज को दबाया गया हो वहां दिग्विजय सिंह चौटाला ने उनके हक की लड़ाई को लड़ने का काम किया। आज प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने 75% रोजगार का कानून लाने का काम किया व पंचायतो महिलाओ की 50% भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया। आज प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत को गली नाली से ऊपर उठा कर ग्राम पंचायत को सामुदायिक

भवन, ई लाइब्रेरी, जिम और खेत खलिहान योजना के तहत जंगल के रास्ते बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय जजपा का होगा या प्रदेश की जनता दुष्यंत चौटाला को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाएगी। आज प्रदेश के युवा दुष्यन्त चौटाला को अपना आदर्श मानते हैं दुष्यन्त चौटाला ताऊ देवीलाल के पदचिन्ह पर चल रहे हैं। ताऊ देवीलाल के सपनों को साकार कर रहे हैं। इस अवसर पर उनके साथ नईम सरपंच पावसर, जाहुल चौकीदार खिल्लुका व अनाथ आश्रम के प्रभारी व अनाथ बच्चे थे।

शेषसाई में जया एकादशी मेला सम्पन्न, हजारों भक्तजनों ने किए दर्शन

समाचार गेट/ऋषि भारद्वाज

होडल। प्राचीन व ऐतहासिक होडल के समीप स्थित वांसवा - शेषसाई मंदिर में जया एकादशी पर्व पर आज मेले में हजारों की संख्या में नर नारियों ने दर्शन कर भगवान का आर्शीवाद लिया। शेषसाई मंदिर जो कि इतिहासिक, पौराणिक, प्राचीन मंदिर है तथा यहां पर विराजमान भगवान विष्णु की शैष शैया पर लक्ष्मी जी द्वारा चरण दबाते हुए की साक्षात प्रतिमा स्थित है।

शेषसाई मंदिर का वर्णन ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा में भी आता है तथा ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा करने बाले श्रृदालुओं के यहां पर आने पर भारी भीड़ लगी रहती है। इस मंदिर के साथ पौराणिक कथा भी जुड़ी हुई है। कहा जाता है कि भक्तों राघव व रामदास प्रत्येक एकादशी पर व्रत रहते थे तथा भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए वह जगन्नाथ जी पैदल जाते थे। एक बार जब वह दर्शन करने के लिए जा रहे थे तो रास्ते में उसके पैरों में छाले पड़ गए तथा वह एक पेड़ के नीचे बैठ कर रोने लगे तथा रोते- रोते उसको नींद ने आ घेरा। भगवान जगन्नाथ ने उसको सपने में दर्शन दे कर कहा कि वह शेषसाई स्थित क्षीर सागर तालाब में मूर्ति के रूप में विराजमान हैं तथा वहां पर उनकी प्रतिमा को निकाल कर एक मंदिर का निर्माण करने पर जया एकादशी को वह स्वंय दर्शन देने के लिए शेषसाई मंदिर में आया करेगें। उक्त किसानों ने अपने सपने के बारे में आ कर गांव में बताने पर गांववासियों द्वारा जब क्षीर सागर में खुदाई की गई तो उसमें से भगवान जगन्नाथ की शेषसईया पर लेटी हुई प्रतिमा जगन्नाथ भगवान के रूप में प्रगट हुई तथा गांववासियों द्वारा क्षीर सागर के पास ही एक मंदिर का निर्माण कर प्रतिमा को वहां पर स्थापति किया गया। इनको भगवान जगन्नाथ के छोटे भाई लक्ष्मीनारायण के रूप में पूजा जाता है। आज जया एकादशी पर भगवान जगन्नाथ के शेषसाई मंदिर में अपने छोटे भाई से मिलने के लिए आने के कारण ही भगवान जगन्नाथ का मंदिर बंद रहता है। शेषसाई में मेले के समय में भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा की दृष्टि से महिला पुलिसकर्मियों के साथ भारी पुलिसबल को तैनात किया गया था। मंदिर से काफ ी पहले ही पार्किंग बना कर वहां पर वाहनों को रोक कर भक्तजनों को पैदल ही मंदिर तक भेजा जा रहा था।

ऐसा माना जाता है कि शेषसाई मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा के दर्शन करने से भारी पुण्य का लाभ मिलता है तथा नागरिक को सीधे स्वर्ग की प्राप्ति होती है। मंदिर में दिल्ली, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, हरियाणा के हजारों नर नारियों द्वारा सुबह यहां पर स्थित क्षीर सागर तालाब में नहा कर सुबह चार बजे से मंगला आरती के दर्शन कर दिन भर दर्शन किए गए। यहां मेले पर लगाई गई दुकानों से भक्तजनों द्वारा खरीददारी की गई व यहां पर लगाए गए झूलों पर नारियों व बच्चों ने झूल कर आन्नद लिया। मेले के शांतिपूर्वक समपन्न होने पर पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता आबकारी विभाग की रेड, अवैध अहाता पकड़े, मामला दर्ज

10 ओवरलोड ट्रक पकड़े 6.79 लाख रुपए का जुर्माना, वाहन इंपाउंड



समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी करते हुए शहर के साथ लगते गांव नीरपुर चौक पर अवैध रूप से चल रहे दो आहता पकड़े हैं । इस बारे में आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर ने दोनों आहता संचालकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद महावीर चौक पुलिस चौकी ने दोनों संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही सीएम फ्लाइंग आरटीए विभाग की संयुक्त टीम ने कुलताजपुर रोड पर छापेमारी करते हुए 10 ओवरलोड वाहनों को पकड़ा है।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता रेवाड़ी को शिकायत मिल रही थी कि नीरपुर चौक पर होटल में दुकानों के अंदर बैठकर अवैध रूप से शराब पिलाई जाती है। यहां पर दो अवैध आहता बने हुए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री उड़न दस्ता रेवाड़ी की टीम ने आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर मोतीराम को साथ लेकर सबसे पहले कादीपुरी रोड पर स्थित मटन अरोमा होटल का निरीक्षण किया। वहां काउंटर पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम कमल बताया। निरीक्षण के दौरान होटल के अंदर टेबल और कुर्सियां लगी थी। जिस पर बैठकर लोग शराब पी रहे थे तथा कमल लोगों को शराब परोस रहा था। शिकायत में बताया गया की कमल ने अवैध रूप से अहर्ता खुला हुआ है जो आबकारी नीति का उल्लंघन है सीएम फ्लाइंग में एएसआई सचिन कुमार भी थे।

वही सीएम फ्लाइंग ने कादीपुरी रोड पर ही एक अन्य दुकान पर भी छापा मारा। जहां पर अवैध रूप से आहता चलता हुआ पाया गया। यहां भी लोग टेबल कुर्सी पर बैठकर शराब का सेवन करते पाए गए। यहां पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने श्री पाल नामक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की अनुशंसा की है।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने आज कुल ताजपुर रोड पर छापेमारी करते हुए 10 ओवरलोड ट्रैकों को पकड़ा है। टीम ने कुलताजपुर रोड पर ट्रकों को रुकवा कर चेकिंग की। इस दौरान मौके पर 10 ट्रक ओवरलोड पाए गए । जिनका वजन करवा कर उन पर आरटीओ विभाग की ओर से चालान किया गया। इन ओवरलोड वाहनों पर आरटीआई ने 6 लाख 79 हजार रुपए का जुर्माना लगाया वही पकड़े गए सभी ओवरलोड वाहनों को सरकारी पार्किंग में खड़ा कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ते में एएसआई सचिन के अलावा ईएसआई दयानंद, सीआईडी के इंस्पेक्टर लीलाराम, सब इंस्पेक्टर जसवंत, ईएसआई अनिल, सब इंस्पेक्टर संदीप, सिपाही संजय पाल के अलावा आरटीओ विभाग की सहायक सचिव प्रदीप शर्मा शामिल रहे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

जिला महेंद्रगढ़ में लगभग 7.20 लाख मतदाता

स्वच्छ मतदाता सूची प्रजातांत्रिक देश के चुनाव की नींव हैं : मोनिका गुप्ता

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला महेंद्रगढ़ में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो चुका है। जिला महेंद्रगढ़ में लगभग 7.20 लाख मतदाता है। इनमें लगभग 3.79 लाख पुरुष तथा 3.40 लाख महिला मतदाता है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि भारत देश लगभग 96.88 करोड़ मतदाताओं के साथ विश्व का अधिकतम मतदाताओं वाला देश है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ मतदाता सूची प्रजातांत्रिक देश के चुनाव की नींव हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिला महेंद्रगढ़ में पारदर्शी तरीके से मतदाता सूची तैयार की गई है ताकि कोई भी नागरिक अपने अधिकार से वंचित न रहें। इस कार्य के लिए बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर गहन सत्यापन किया गया है।

लैंगिक समानता पर रहा फोकस

डीसी ने बताया कि मतदाता सूची तैयार करते समय लैंगिक समानता पर भी विशेष फोकस किया गया है। पहले के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या बढी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में जहां महिला मतदाता कॉलिंग अनुपात 895 था वहीं वर्ष 2024 में तीन फीसदी बढ़कर 898 हो गया है।

युवा वोटर जोड़ने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन की सुविधा करवाई उपलब्ध

उपायुक्त ने बताया कि युवा मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा शैक्षणिक संस्थानों से सीधे युवा नामांकन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई थी। युवा आबादी के बीच अधिक नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर विशेष सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) नियुक्त किए गए थे। जिला महेंद्रगढ़ में 18 से 19 आयु वर्ग के 14177 मतदाता है। वहीं 20 से 29 आयु वर्ग के 149573 मतदाता है। इसके अलावा 80 वर्ष से अधिक उम्र के 20273 मतदाता तथा 100 वर्ष से अधिक उम्र के फिलहाल 346 मतदाता है। जिला महेंद्रगढ़ में 14603 सर्विस वोटर हैं। इसके अलावा जिला में 6296 दिव्यांगजन मतदाता है।

विजेता यादव ने ऑल इंडिया रैंक 83 के साथ भौतिक विज्ञान में पास की सीएसआईआर नेट परीक्षा

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। अटेली तहसील के गांव पृथ्वीपुरा (कांटी) निवासी विजेता यादव ने सीएसआईआर नेट परीक्षा ऑल इंडिया रैंक 83 के साथ भौतिक विज्ञान विषय में पास की है। विजेता ने दिसंबर 2023 में सीएसआईआर नेट की परीक्षा दी थी जिसका रिजल्ट अब घोषित किया गया है। विजेता यादव ने अपनी सफलता का श्रेय जयेष्ठ मास्टर कृपाल यादव (डायरेक्टर आर्य कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन), ससुर महेंद्र यादव, पिता मलखान यादव, पति सुरेंद्र यादव एवं अपने माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद को दिया। विजेता यादव ने बताया उसने नियमित पढ़ाई कर सफलता हासिल की है। उनका मुख्य लक्ष्य जल्द ही आने वाली कॉलेज केडर असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती में सिलेक्ट होना रहेगा। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व वार्डन श्रीकृष्ण छात्रावास जयपुर डॉक्टर अरुण यादव, डॉक्टर हनुमान यादव, महेंद्र यादव, मनेश यादव, विजय यादव, सरोज यादव, संगीता यादव निदेशक अल्मा कंप्यूटर एजुकेशन कान्हावास , पुष्पेंद्र शर्मा, पवन कुमार, प्रीतम, नवीन एचओडी, अनूप शर्मा, मोहित यादव सहित अनेक गणमानय लोगों ने विजेता यादव को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पटीकरा में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

माप अप डे के तहत कृमि उन्मूलन अभियान चलाया गया

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। राजकीय महाविद्यालय नारनौल की एनएसएस की तीनों इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन पटीकरा गांव की धर्मशाला में किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि प्राचार्या डा पूर्ण प्रभा रही। उन्होंने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि एनएसएस के उद्देश्यों को साकार करते हुए अनुशासन में रहे और शिविर में श्रमदान दे। प्रात: सत्र के मुख्य वक्ता वार्ड 9 पार्षद भास्कर रहे। नव युवक सेवा दल अध्यक्ष भरपूर सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सत्यपाल सुलोदिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर लक्की स्टार गेम्स का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में कुमारी तमन्ना प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम अधिकारी डा पलक ने सात दिवसीय शिविर की

रूपरेखा के बारे में बताया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन किया। द्वितीय सत्र में यूथ रेड क्रॉस अधिकारी डॉ चंद्रमोहन ने राष्ट्रीय कृमि उन्मूलन दिवस के माप अप डे पर उचित आहार, उचित व्यवहार पर विस्तार व्याख्यान किया। सभी को तीनों यूनिट के स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओ को अल्बेंडा जोल की कृमि नाशक दवाई का निशुल्क वितरण किया। कार्यक्रम अधिकारी डा सुभाष ने सभी अतिथियों, स्वयं सेवकों, सेविकाओं और नवयुवक मंडल के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

नूहँ विधानसभा क्षेत्र में जेजेपी का बड़ा कुनबा : नासिर हुसैन अड़बर

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। मिशन दुष्यंत 2024 को लेकर नूहँ विधानसभा क्षेत्र के गाँव ऊदाका में नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर के सम्मान में आयोजित जलपान कार्यक्रम में कई परिवारों ने जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की नासिर हुसैन बदरूद्दीन अड़बर ने सभी को माला पहनकर पार्टी में स्वागत किया और कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। बुजुर्गों एवं माताओं युवाओं ने आशीर्वाद दिया। जलपान कार्यक्रम के आयोजन कर्ता जेजेपी वरिष्ठ कार्यकर्ता सेरवस एवं राहुल पूर्व सरपंच एवं गाँव के मोजीज लोगों ने नासिर हुसैन बदरूद्दीन को फूल मालाओं से सम्मानित किया और नासिर को भरोसा दिलाया कि जननायक जनता पार्टी को और अधिक मज़बूत करने का काम करेंगे

नासिर हुसैन बदरूद्दीन ने ऊदाका वासियो का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। इस दौरान पूर्व सरपंच झडमल, पूर्व सरपंच शेरू, पंडित हिमांशु शास्त्री, कासम, अल्लद्दीन, विजय सिंह, अशरफ, जिला उपाध्यक्ष आफताब अहमद, उमर मोहम्मद, सहाबूद्दीन, आजाद भूदर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2024 के तहत घोषित नामांकन के लिए आमंत्रण

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार की घोषणा की है। राष्ट्रीय पुरस्कार शोधकर्ताओं, प्रौद्योगिकीविदों और नवप्रवर्तकों के उत्कृष्ट और प्रेरक वैज्ञानिक, तकनीकी और नवाचार योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों या टीम से राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार (आरवीपी) के लिए नामांकन/आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी है।

उपायुक्त ने बताया कि यह पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। जिसमें विज्ञान रत्न (वीआर): विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जीवनकाल की उपलब्धियों और योगदान को

आवेदन के लिए 28 फरवरी अंतिम तिथि, चार श्रेणियों, विज्ञान रत्न, विज्ञान श्री, विज्ञान युवा और विज्ञान टीम में दिए जाएंगे छप्पन पुरस्कार : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

11 मई 2024 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर की जाएगी पुरस्कारों की घोषणा।

मान्यता देने के लिए अधिकतम तीन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार विज्ञान श्री (वीएस): विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए अधिकतम 25 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वहीँ विज्ञान युवा: शांति स्वरूप भटनागर (वीवाई-एसएसबी) पुरस्कार: विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले युवा वैज्ञानिकों की प्रतिभा को पहचान दिलाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए अधिकतम 25 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार की अंतिम श्रेणी में विज्ञान टीम (वीटी) पुरस्कार: तीन या अधिक वैज्ञानिकों/ शोधकर्ताओं/ नवप्रवर्तकों की एक टीम को अधिकतम तीन पुरस्कार प्रदान किए जा सकते हैं, जिन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक टीम में काम करते हुए असाधारण योगदान दिया हो।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार निम्नलिखित 13 प्रक्षेत्र में दिए जाएंगे, जिनमें भौतिकी, रसायन विज्ञान, जैविक विज्ञान, गणित और कंप्यूटर विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग विज्ञान, कृषि विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी, और अन्य शामिल हैं। पुरस्कारों के लिए गृह मंत्रालय के पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in/) पर 28 फरवरी तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य दिशानिर्देश और राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार का विवरण, पुरस्कार पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

इस वर्ष पुरस्कारों का संचालन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा किया जा रहा है। पुरस्कारों की घोषणा 11 मई 2024 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर की जाएगी। सभी श्रेणियों के पुरस्कारों के लिए पुरस्कार समारोह 23 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा।

हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : उपायुक्त

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोडने.के लिए बनाया गया है। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल है। अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भी मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ

श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पंजीकरण सुविधा की शुरू

माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से आह्वन किया कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। श्रम विभाग द्वारा हरियाणा के सभी जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए एक विशाल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा जो श्रमिक के पूरे जीवनकाल के लिए वैध होगा। साथ ही श्रमिकों का कौशल मानचित्रण भी किया जाएगा जहां श्रमिक अपने हुनर की पूरी जानकारी रजिस्टर करेंगे, जिसकी मदद से नियोक्ता अपनी आवश्यकता अनुसार श्रमिकों को रोजगार प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कोई भी श्रमिक eshram.gov.in पर स्वयं पंजीकरण कर सकता है या निकटतम सामान्य सेवा केंद्र या सरल केंद्र पर जा सकता है। पंजीकरण के बाद श्रमिक अपनी जरूरत अनुसार स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकते हैं। अब अप्रवासी श्रमिक भी श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करायें और विभाग द्वारा दी जा रही सभी योजनाओं का लाभ उठायें।

श्रम पोर्टल पर कौन पंजीकरण कर सकता है :

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर छोटे और सीमांत किसान, खेतिहर मजदूर, बटाईदार, मछुआरे, पशुपालन के क्षेत्र में शामिल लोग, बीड़ी बनाने वाले, लेबलिंग और पैकिंग, भवन और निर्माण श्रमिक, चमड़े उद्योग के क्षेत्र में शामिल श्रमिक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। साथ ही, बुनकर, बढ़ई, नमक श्रमिक, ईट भट्टों और पत्थर खदानों में काम करने वाले श्रमिक, श्रमिक आराघर, घरेलू कामगार, नाई, सब्जी और फल विक्रेता, समाचार पत्र विक्रेता, रिक्शा चालक, ऑटो चालक, रेशम उत्पादन श्रमिक, टेनरी श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर, एमएनजीआर ए श्रमिक, आशा वर्कर्स , प्रवासी श्रमिक भी ई श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करने की पात्रता मानदंडों के अनुसार श्रमिक की आयु 16-59 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वह श्रमिक ईपीएफओ और ईएसआईसी का सदस्य नहीं होना चाहिए और न ही आयकर दाता नहीं होना चाहिए। श्रमिक अपने आधार नंबर, मोबाइल नंबर, आधार लिंक बैंक खाता इत्यादि से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

ऑनलाइन लोन एप से रहे, सावधान

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। नूंह पुलिस द्वारा समय-समय पर एडवाइजरी जारी करने के अलावा शैक्षिक संस्थानों, गांवो, चौपालों पर राहगीरी प्रोग्राम आदि के जरिये साईबर जागरुक अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है, जिसके प्रभाव से साइबर अपराधों की घटनाओं में कमी आई है। निरीक्षक विमल प्रबंधक थाना साइबर क्राइम नूंह ने साईबर अपराध के बारे में पुन: जागरूक करते हुए बताया कि आज की डिजिटल दुनिया मे जैसे-2 तकनीकी बढती जा रही है वैसें-2 साईबर अपराधी भी अलग-2 तरीके अपनाकर लोगो के साथ साईबर धोखाधडी करते है ऐसे अपराधियो से बचनें के लिए खुद को जागरुक व सावधान रखनें की आवश्यकता है। साईबर अपराधों से बचनें हेतु नूंह पुलिस द्वारा अभियान चलाकर लगातार जागरुक किया जा रहा है । इसके अंतर्गत आमजन को साईबर अपराध वारदातों की तरीको बारें अवगत करवाया जा रहा है । आज के समय साईबर अपराध से संबंधित निम्नलिखित बातों का ध्यान रखने की आवश्यकता है- फोन में प्राप्त ओटीपी या बैंक सम्बन्धी जानकारी किसी अन्जान व्यकित के साथ सांझा ना करें ना ही किसी फोन में प्राप्त किसी अन्जान लिंक इत्यादि पर क्लीक करें और सोशल मीडिया (फेसबुक तथा इंसटाग्राम) पर प्राईवेसी सिक्युरिटी लगाकर रखें । अपनें अकाउंट का मजबुत पासवर्ड बनाये और समय-2 पर बदलते रहें ।

अगर आप ऑनलाइन किसी एप से लोन ले रहे हैं तो सावधान रहें. क्योंकि पहले ये एप चंद मिनट में ऑनलाइन लोन देते हैं और लोन अप्रूवल करवाने के नाम पर एप्लीकेशन इंस्टॉल करवा कर फोन हैक कर लेते हैं इसके बाद फोन से सभी निजी डेटा भी चुरा लेते हैं इसके बाद लोन लेने वाले ग्राहक के परिजनों दोस्तों को अश्लील मैसेज भेज कर लोन लेने वाले ग्राहक को ब्लैकमेल किया जाता है क्योंकि आजकल युवा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते है ।बार-बार लोन लेनें बारे विज्ञापन सामनें आते है । ऐसे में युवा 3 हजार से 10 हजार तक के लोन मामूली छोटे लोन समझ कर ले लेते हैं और बिना कहीं जाए बैठे-बैठे मोबाइल में से लोन अप्रूवल हो जाता है, लेकिन कई बार उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ जाती है। हर किसी एप्लिकेशन से लोन नहीं लेना चाहिए और लोन लेने से पहले सभी शर्तों को पढ़ना चाहिए क्योंकि लोन अप्रूवल करवाने के लिए एप्लीकेशन इंस्टॉल करवाकर हैकर आपके फोन का सारा डाटा चुरा लेते हैं इन चीजों को ध्यान में रखना चाहिए। मनी ट्रांसफर एपलिकेशन (गुगल पे. फोन पे.) इत्यादि को सावधान पूर्वक प्रयोग करें याद रहे जब भी आप इन एपस के द्वारा अपनें बैंक की पिन डाल रहें है तो पैसा आपके खाते से किसी दुसरे के खातें में जा रहा है और इन एपस के माध्यम से प्राप्त मनी रिक्वेस्ट इत्यादि पर क्लीक ना करें इसे तुरन्त डिलिट करे दें इसके अलावा किसी व्यकित के द्वारा बताये गये किसी भी आफर या किसी प्रकार का लालच मे ना फसें। आगे कहा कि अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की आनलाईन ठगी हो जाती है तुरन्त नेशनल साईबर कम्पलेंट पोर्टल नम्बर 1930 पर कॉल करें और www.cybercrime.gov.in पर आनलाईन शिकायत दर्ज करवायें इसके अलावा नजदीक पुलिस स्टेशन में जाकर साईबर हैल्प डैस्क अथवा साइबर क्राईम थाना नूंह की मदद लें, ऐसा कर आप अपनी ठगी गई रकम प्राप्त कर सकते हैं।

मनोहर' सरकार ने विधुर और अविवाहत पुरुषों के लिए शुरू की पेंशन स्कीम

जिला में 158 विदुर और अविवाहित पुरुष उठा रहे हैं सरकार की योजना का लाभ

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के 40 वर्ष होने के बाद विधुर व 45 साल तक उम्र के अविवाहित पुरूषों को पेंशन देने की योजना बनाई है। जिला नूंह में 158 विदुर और अविवाहित पुरुष सरकार की योजना का लाभ उठा रहे हैं, जिन्हें तीन हजार रुपए मासिक पेंशन दी जा रही है। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में 158 विधुर और अविवाहितों की हुई पहचान जिला में सामाजिक न्याय अधिकारिता, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग द्वारा 158 विधुर और अविवाहितों को चिर्नहित किया गया है। विधुरों व अविवाहितों को तीन हजार रुपए मासिक पेंशन दी जक रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से 40 वर्ष तक की उम्र होने पर विधुर को पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, बशर्ते परिवार पहचान पत्र में परिवार की आय 3 लाख से अधिक ना हो। इसी तरह ही 45 साल की उम्र होने पर अविवाहित को पेंशन देने का प्रावधान जोड़ा गया है । परिवार पहचान पत्र में उनके लिए वार्षिक आय की सीमा 1 लाख 80 हजार रखी गई है।

योजना का लाभ के लिए ये अनिवार्यता जरूरी

डीसी ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से क्रियान्वित विधुर व अविवाहित पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए विधुरों की श्रेणी में तीन लाख रुपये तक की सालाना आय वाले 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति पात्र होंगे। इसी तरह अविवाहित व्यक्तियों के मामले में वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम होनी चाहिए और आयु 45 वर्ष से अधिक हो। यह वित्तीय सहायता सीधे लाभपात्रों के खातों में दी जाएगी। विधुरों और अविवाहितों की आयु 60 वर्ष होने उपरांत उन्हें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता का लाभ मिलेगा। यदि उक्त दोनों ही कैटेगरी के लाभार्थियों के जीवन में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होता है तो लाभार्थियों को जिला समाज कल्याण विभाग इससे जुड़ी जानकारी से सूचित करना होगा। इसके अलावा अगर कोई लाभार्थी गलत सूचना देता है या किसी तथ्य को छुपाता है तो केवल उसी वक्त (जिस वक्त की गलत सूचना दी गई) की पेंशन को ब्याज सहित वापस लिया जाएगा।

लोकसभा चुनाव में राजनीतिक अभियानों और रैलियों में नहीं कर सकेंगे बच्चों का उपयोग : डीसी

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल व उम्मीदवारों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी राजनीतिक दल व उम्मीदवार चुनाव संबंधी गतिविधियों में बच्चों का उपयोग नहीं कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों को हिदायतें व दिशा-निर्देश जारी करते हुए सलाह दी गई है कि वे किसी भी रूप में चुनाव अभियानों में बच्चों का उपयोग न करें। बच्चों का उपयोग पोस्टर/पम्पलेट का वितरण या नारेबाजी, अभियान रैलियों, चुनाव बैठकों आदि में करना बिल्कुल गलत है। उन्होंने बताया कि किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान के लिए बच्चों का उपयोग नहीं किया जा सकता। बच्चों से कविता, गीत, बोले गए शब्दों के माध्यम से उपयोग, राजनीतिक दल व उम्मीदवार के प्रतीक चिन्ह का प्रदर्शन, राजनीतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन व किसी की उपलबधियों को बढ़ावा देना गलत है। डीसी ने स्पष्ट किया कि किसी राजनीतिक नेता के निकट अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ एक बच्चे की उपस्थिति और जो राजनीतिक दल द्वारा किसी भी चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं है, उसे दिशानिर्देशों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को बाल श्रम (निषेध और विनियमन) की कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने बताया कि जिला रेवाड़ी में आयोग द्वारा जारी किए गए सभी दिशा निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यकर्ताओं ने महासचिव दिगविजय चौटाला का मनाया जन्मदिन

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिगविजय चौटाला के 34वें जन्मदिन पर मंगलवार को जजपा जिला प्रवक्ता अमन जून साथियों के साथ गौशाला पहुंचे। जहां उन्होंने गऊओं की सेवा करते हुए दिगविजय चौटाला की लंबी उम्र एवं सुखद जीवन की कामना की और गौमाता को गुड़ एवं चारा खिलाकर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात बाद शहर के मॉडल टाउन स्थित अपने कार्यालय में पहुंच युवा नेता दिगविजय चौटाला के जन्मदिन पर केक काटा।

अमन जून ने कहा कि दिगविजय चौटाला अपने पिता डा. अजय सिंह चौटाला द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए जनसेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। अब वह मार्च महीने में जननायक कबड्डी वर्ल्ड कप डबवाली शहर में आयोजित करवाने जा रहे हैं। इस सर्कल कबड्डी में छह देशों की टीमें भाग लेंगी। वह युवाओं को इस मुहिम के जरिए नशे एवं अपराध से दूर करने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले दिगविजय चौटाला ने पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की स्मृति में जनवरी माह में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए कॉस्को बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करवाई थी, जिसमें ग्रामीण युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर इस प्रतियोगिता को सफल बनाया था। इस दौरान अमन जून ने कहा कि वर्ष-2013 में दिगविजय चौटाला इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और फिर युवाओं को चौधरी देवीलाल की विचारधारा से जोड़े रखने का मुश्किल काम अपने कंधों पर लिया और पूरे हरियाणा की यात्रा की। लगभग एक माह चली इस यात्रा के जरिए दिगविजय ने हरियाणा के छात्रों की समस्याओं को समझा और हजारों युवाओं को अपने साथ जोड़ा। उसी साल इनसो ने रोहतक में स्वैच्छिक अंगदान कार्यक्रम आयोजित किया और 10 हजार कार्यकर्ताओं ने स्वैच्छिक अंगदान की शपथ लेकर सहमति पत्र भरे। इस उपलबधि के लिए इनसो को लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह मिली।

राव बीरेंद्र सिंह थे दक्षिण हरियाणा के लोकप्रिय नेता : रमेश ठेकेदार

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। बावल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता रमेश ठेकेदार ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री राव बीरेंद्र सिंह की जयंती पर उनके समाधि स्थल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रमेश ठेकेदार बावल ने कहा कि राव बीरेंद्र सिंह एक लोकप्रिय और कद्दावर नेता थे। उन्होंने संयुक्त पंजाब में मंत्री, हरियाणा के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के रूप में उल्लेखनीय कार्य करते हुए एक जनप्रिय व ईमानदार नेता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान कायम की। आज भी राव आया-भाव आया जैसे उनकी लोकप्रियता और ईमानदारी के किस्से जनमानस में सुने जा सकते हैं। रमेश ठेकेदार ने यह भी कहा कि राव बीरेंद्र सिंह ने अनेकों बार केंद्रीय केबिनेट मंत्री के रूप में कई अहम मंत्रालयों दायित्व संभाला। इतना ही नहीं उन्होंने आम जनमानस और किसानों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कराई। साथ ही रमेश ठेकेदार ने कहा कि वे खुद राव बीरेंद्र सिंह के अंतिम समय तक उनके सानिध्य में रहे। इस अवसर पर उनके साथ अशोक ठेकेदार, कमल सिंह धवाना, डॉ. मामराज, नरेश गुरावड़ा ,अजीत गुर्जर, गौरी शंकर, सचिन सहित कई लोग मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री कार्यकर्ताओं से करेंगे मीटिंग

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जसवंत सिंह बावल 21 फरवरी को प्रात: 11 बजे अपने सेक्टर-3 स्थित आवास पर बावल विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। पूर्व मंत्री जसवंत सिंह बावल ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित की जाने वाली बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारियों में जुटने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदारियां भी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा अहीरवाल को दिलाए गए एम्स के नायाब तोहफे से उनकी लोकप्रियता तथा मजबूती कई गुणा बढ़ गई है। बैठक में राव इंद्रजीत को और मजबूत करने को लेकर चर्चा भी की जाएगी।

रोजगार मेले का हुआ आयोजन 132 बच्चे शॉर्टलिस्ट : जयभगवान

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उजिना में जॉब मेले का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य जयभगवान ने बताया कि इस रोजगार मेले में जिला नूंह की सभी आईटीआई के लगभग 155 के आसपास बच्चे पहुंचे जिनमें से 132 बच्चों का शॉर्टलिस्ट विभिन्न प्रतिष्ठानों ने इस समय पर कर लिया जिसमें से मुख्य रूप से टाटा मोटर्स पंतनगर,वरुण बेवरेज उजीना, आशीर्वाद प्राइवेट लिमिटेड भिवाड़ी, एसआरएस डाई कास्टिंग प्राईवेट लिमिटेड, रोजका मेव, राने एनएसके बावल, एनडीआर ऑटो कंपोनेंट प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम इत्यादि रहे ।इस मौके पर जिला नूंह के एंप्लॉयमेंट एसएस रावत तथा प्रदीप कुमार सहायक शिक्षुता अधिकारी,विकास आजाद जूनियर शिक्षुता अधिकारी, साबिर जी इत्यादि अधिकारी मौजूद रहे ।

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया आज रेवाड़ी में

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया बुधवार 21 फरवरी को कोसली व रेवाड़ी में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि चेयरपर्सन रेनू भाटिया 21 फरवरी को सुबह 11 बजे राजकीय महाविद्यालय कोसली में कानूनी जागरूकता और साइबर क्राइम विषय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। चेयरपर्सन इसके उपरांत सायं 3 बजे रेवाड़ी शहर के माडल टाउन थाना क्षेत्र स्थित बस्ती में मानव तस्करी बारे आमजन व बच्चों को जागरूक करने के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, रेवाडी के सहयोग से आयोजित किए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत करेंगी।

नारनौल के समीप कोरियावास में निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, का नाम महर्षि च्यवन रखा जाएं : श्री गौड़ ब्राह्मण सभा

प्राचीन तीर्थ ढ़ोसी पर महर्षि च्यवन की आदमकद कांस्य प्रतिमा हो स्थापित : महता

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। श्री गौड़ ब्राह्मण सभा जिला महेंद्रगढ़ ने हरियाणा सरकार से निर्माणाधीन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कोरियावास का नाम महर्षि च्यवन के नाम पर रखने की मांग की है। श्री गौड़ ब्राह्मण सभा जिला महेंद्रगढ़ के प्रधान राकेश महता ने मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर को लिखे पत्र में कहा है कि हरियाणा में चिकित्सा और चिकित्सा-विज्ञान से जुड़े लगभग डेढ़ दर्जन सरकारी और निजी महाविद्यालयों के नाम भगवान श्रीकृष्ण से लेकर अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला तक, अनेक ऋषि-मुनियों, साधु-संतों, राजनेताओं और समाजसेवियों के नाम पर रखे गये हैं। लेकिन जिन विभूतियों के नाम पर इन चिकित्सा महाविद्यालयों का नामकरण किया गया है, उनमें से किसी का भी न तो चिकित्सा से कभी कोई संबंध रहा और न ही उन्होंने चिकित्सा-तंत्र के विकास में कोई योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में च्यवन ऋषि ही एकमात्र ऐसी महान विभूति हुए हैं, जिन्होंने च्यवनप्राश जैसे जीवनोपयोगी रसायन का आविष्कार कर न केवल नारनौल, हरियाणा और भारत का नाम संपूर्ण विश्व में रोशन किया है, बल्कि मानव मात्र का कल्याण भी किया है। यह हरियाणा, विशेष रूप से जिला महेंद्रगढ़ का सौभाग्य है कि च्यवन ऋषि जैसी विशिष्ट विभूति का अवतरण उसकी धरती पर हुआ तथा नारनौल की ढोसी पहाड़ी को उन्होंने अपनी तप-स्थली बनाया।

अधिवक्ता श्री महता ने कहा कि हरियाणा में किसी भी चिकित्सा संस्थान का नामकरण च्यवनप्राश जैसे चमत्कारिक रसायन के आविष्कारक महर्षि च्यवन के नाम पर न होना एक दुखद आश्चर्य ही है। ढोसी से मात्र छह किलोमीटर दूर, कोरियावास गांव में विशाल राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए श्री महता ने इस निर्माणाधीन चिकित्सा महाविद्यालय का नाम च्यवन ऋषि के नाम पर च्यवन ऋषि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय रखने तथा बाद में इसे एक विश्वस्तरीय च्यवन ऋषि चिकित्सा विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की मांग की है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा च्यवन ऋषि की तपस्या-स्थली ढोसी को पर्यटन-स्थल के रूप में विकसित करने की योजना का स्वागत करते हुए, ढोसी की पहाड़ी पर च्यवन ऋषि की आदमकद कांस्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी की है। उल्लेखनीय है कि इस पत्र की प्रतियां हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव और नगर की प्रमुख राजनीतिक-सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं के अध्यक्षों को भी सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी गई हैं।

नवदंपत्ति ने रोटरी रसोई पर जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित कर सांझा की विवाह की खुशियां

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। शहर के महाबीर चौक पर स्थित रोटरी क्लब नारनौल द्वारा संचालित रोटरी रसोई पर रोटेरियन पवन यादव व मुकेश कुमारी के नवविवाहित पुत्र अंकित व पुत्रवधु अंजली ने अपने हाथों जरूरतमंदों को भोजन परोस कर खुशियों को सांझा किया।

इससे पूर्व भी रोटरी क्लब के असिस्टेंट गर्वनर संजय गर्ग के नवविवाहित पुत्र नमन व पुत्रवधु रेणुका ने अपने विवाह की खुशी रोटरी रसोई पर जरूरतमंद लोगों को अपने हाथों से भोजन परोस कर मनाई थी। लोग अपने विवाह, जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ व अन्य स्मृतियों पर रसोई में योगदान देते हैं। रोटरी क्लब नारनौल सिटी द्वारा पिछले 5 वर्षों से भी अधिक समय से लगातार महावीर चैक पर संचालित रोटरी रसोई में प्रतिदिन मात्र 10 रूपए में जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। जहां प्रतिदिन करीब 300 से 350 लोग भोजन ग्रहण करते हैं। जिनमें आस पास क्षेत्र के बेसहारा जरूरतमंद, असहाय मजदूर वर्ग इत्यादि जैसे अनेक लोगों को कम से कम एक समय का भरपेट स्वच्छ भोजन उपलब्ध होता है। क्लब प्रधान नरेश गोगिया ने बताया कि रोटरी क्लब की इस मुहिम में मंगलवार को रोटेरियन पवन यादव व मुकेश कुमारी के नवविवाहित पुत्र अंकित व पुत्रवधु अंजली ने अपने हाथों से रोटरी रसोई पर सेवा प्रदान कर अपने विवाह की खुशियों को दोगुणा किया।

बता दें कि अंकित व अंजली ने मंगलवार को पहले नसीबपुर स्थित संतोष मैमोरियल दिव्यांग विद्यालय में बच्चों को मिठाई वितरित की तथा उसके उपरांत रोटरी रसोई पर सेवा कर अपना विशेष सहयोग दिया। उनके साथ ही रोटरी क्लब के कोषाध्यक्ष विनय मित्तल ने भी अपने जन्मदिन पर रसोई में सहयोग प्रदान किया।

रोटरी सदस्य पवन यादव ने कहा कि अपने विवाह, जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ इत्यादि किसी भी खास अवसर पर ऐसे जरूरतमंद लोगों की सेवा करने से बडा पुण्य कोई नहीं हो सकता। रसोई पर लोगों को भोजन वितरित करने के उपरांत प्रधान नरेश गोगिया, प्रवीण संघी, एडवोकेट राजकुमार यादव, विनोद चौधरी, विनय मित्तल, गोपाल मित्तल, नवीन गुप्ता, दिनेश भार्गव, सुचेता गोगिया, सत्यभामा मित्तल, मुकेश कुमारी यादव सहित समस्त सदस्यों ने नवदंपति को सम्मानित कर आर्शीवाद दिया।

सरकार किसानों को सोलर ऊर्जा पम्प पर दे रही 75 प्रतिशत अनुदान

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। हरियाणा सरकार ने किसानों को खेतों में सोलर पैनल कनेक्शन देने के लिए हरियाणा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की ओर से जिला के किसानों के लिए 3 एचपी, 7.5 एचपी व 10 एचपी सोलर ऊर्जा पम्प 75 प्रतिशत अनुदान पर लगवाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए किसान सरल हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर 1 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। अभी तक जिस लाभार्थी ने हिस्सा जमा नहीं करवाया है वे भी नए सिरे से आवेदन करेंगे। बिना लाभार्थी हिस्सा के जमा किए गए आवेदन को रद्द माना जाएगा। यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि इसमें बिजली आधारित कनेक्शन (डीएचबीवीएन) के मौजूदा आवेदकों को सौर ऊर्जा पम्प के कनेक्शन के लिए प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए उनको अपने मौजूदा बिजली कनेक्शन का समर्पण (सरेंडर) करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से 2021 तक के मौजूदा किसान जिन्होंने 1 एचपी से 10 एचपी बिजली आधारित कृषि टयूबवैल के लिए डीआईएससीसीओएम (डीएचबीवीएन) में आवेदन किया था उन्हें पीएम कुसुम योजना के तहत उन्हें सोलर पम्प कनेक्शन में प्राथमिकता दी जाएगी। इस वर्ष के लक्षित लाभार्थियों का चयन परिवार की वार्षिक आय व भूमि धारण के आधार पर किया जाएगा। किसान अपने खेत के साइज, पानी के लेवल और पानी की जरूरत के अनुसार टाइप और पंप का चयन करें। उन्होंने बताया कि खण्ड नांगल चौधरी, निजामपुर व नारनौल के केवल वहीं किसान सोलर पम्प लगवाने के पात्र होंगे जो किसान पहले से ही डीजल पम्प सैट या जैरनेटर सैट से अपनी खेती का कार्य कर रहे हैं तथा साथ में सूक्ष्म सिंचाई जैसे टपका, फव्वारा सिंचाई व भूमिगत पाईप लाईन इत्यादि यंत्रों का प्रयोग कर रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सभी किसानों को आवश्यक दस्तावेज परिवार पहचान पत्र, आवेदक के नाम पर बिजली आधारित पम्प न हों, आवेदक के नाम पर कृषि भूमि की जमाबन्दी फर्द होना आवश्यक है। किसान अपने खेत में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली जैसे टपका, फव्वारा सिंचाई या भूमिगत पाईपलाईन स्थापित हो या पम्प लगाने से पहले स्थापित कर लेगें (प्रमाण पत्र शपथ पत्र), अपलोढ करना अति आवश्यक है । जिले के किसान, गऊशाला, जल उपयोक्ता संगठन व समुदाय/समूह आधारित सिंचाई आवेदन कर सकते हैं ।

ऐसे करें आवेदन : किसान आवेदन करते समय अपना लाभार्थी हिस्सा चालान में दर्शीत वर्चुअल बैंक अकाउंट (जो सभी आवेदकों का अलग-अलग होगा) के माध्यम से आरटीजीएस, एनईएफटी या ऑनलाइन बैंकिंग ट्रांसफर करवाएं। किसान अपने ऑनलाइन आवेदन में सोलर पम्प की क्षमता अनुसार लाभार्थी हिस्सा जैसे 3 एचपी डीसी सरफेस मोनोब्लॉक, 7.5 एचपी डीसी सबमर्सिबल, तथा 10 एचपी डीसी सबमर्सिबल और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल सामान्य कंट्रोलर के साथ, तथा 10 एचपी डीसी सबमर्सिबल और 10 एचपी एसी सबमर्सिबल यूनिवर्सल चार्ज कंट्रोलर के साथ जमा करवाएगा । इसके बाद सरल पोर्टल पर दोबारा जाकर पेमेंट वैलिडेट करने के बाद ही किसान का आवेदन पूरा होगा, अन्यथा किसान का आवेदन पत्र रदद् समझा जाएगा। लक्षित व चयनित किसानों को विभाग द्वारा फर्म के चयन के लिए अलग से समय सीमा दी जाएगी जिससे किसान सरल पोर्टल पर जाकर उपलब्ध फर्मों में से अपनी पसन्द अनुसार फर्म का चयन स्वयं द्वारा किया जाएगा। इसकी समय सीमा विभाग द्वारा अलग से दी जाएगी ।

जानकारी के लिए यहां करें संपर्क : सोलर वाटर पर्मपिंग सिस्टम से सम्बर्नधित अधिक जानकारी के लिए जिले के किसान किसी भी कार्य दिवस पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं मुख्य परियोजना अधिकारी नारनौल या परियोजना अधिकारी के मोबाइल नंबर 9467538815 व 9416938401 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं।

पीएम मोदी ने किया हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का किया लोकार्पण

विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में रहे उपस्थित

अतिथि गृह, स्वास्थ्य केंद्र, टाईप 3 व टाईप 5 कर्मचारी आवास परिसर का किया लोकार्पण

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में संसाधनों के विकास के स्तर पर जारी प्रयासों के अंतर्गत मंगलवार 20 फरवरी को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। देश की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकास की इन परियोजनाओं के माध्यम से विकसित भारत बनने का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की धरती पर इतने बड़े आयोजन के लिए वहां के लोगों का अभिनंदन किया। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिलेगा। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, सांसद जुगल किशोर, गुलाम अली खटाना भी उपस्थित रहे। वही प्रधानमंत्री ने विश्वविद्यालय की चार परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जिनमें विश्वविद्यालय के अतिथि गृह, स्वास्थ्य केंद्र, टाईप 3 व टाईप 5 कर्मचारी आवास परिसर सम्मिलित है।

विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सांसद धर्मबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मुख्यातिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और इस आयोजन में शामिल होने के लिए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। आयोजन में मुख्यातिथि सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य व आधारभूत संरचना सहित सभी मोर्चों पर जिस तरह से प्रगति कर रहा है। उससे भारत विकसित देश बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद श्री धर्मबीर सिंह का आभार प्रकट किया और विश्वविद्यालय की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वविद्यालय की 32.19 करोड़ रुपए लागत की चार परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के निर्माण में 3.87 करोड़, स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में 2.73 करोड़ टाईप 3 आवासीय परिसर के निर्माण में 9.86 करोड़ तथा टाईप 5 के निर्माण में 15.73 करोड़ रूपए की लागत आई है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय में पुस्तकालय एवं 1200 लोगों की क्षमता वाले सभागार बनने की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। कुलपति ने सांसद धर्मबीर सिंह का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के संचालक डॉ. नीरज कर्ण सिंह थे। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव सहित विभिन्न पीठों के अधिष्ठाता, विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

दिव्यांगजन कृत्रिम सहायक उपकरण के लिए रेडक्रॉस कार्यालय में करवा सकते हैं पंजीकरण

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। जिला रेड क्रॉस समिति कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कृत्रिम सहायक उपकरण के लिए दिव्यांगजन पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए दिव्यांगजन को अपने साथ 2 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की प्रति, यूडीआईडी कार्ड (दिव्यांगता प्रमाण-पत्र) आय प्रमाण-पत्र व फैमिली आईडी साथ लानी होगी। जिला रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति की प्रधान मोनिका गुप्ता के दिशा निर्देशानुसार जल्द ही दिव्यांजनों के लिए माप तोल शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनवरी माह में भी अरावली पावर कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के सामाजिक सरोकार एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सौजन्य से जिले के दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए उनके पुनर्वास के जिले में चिन्हित किए गए दिव्यांगजन को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें 449 दिव्यांगजनों का बैटरी चलित तिपहिया साईकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, क्रेच, तिपहिया साईकिल, स्मार्ट फोन, वाकिंग स्टीक व अन्य कुल 886 कृत्रिम सहायक उपकरण वितरित किए गए थे।

जजपा के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला के जन्मदिन पर नंदी गोशाला में जाकर गऊओं को खिलाया चारा तथा जन्मदिन पर केक काटकर मनाई खुशियां

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला के 34वें जन्मदिन पर मंगलवार को जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने साथियों के साथ सिंघाना रोड स्थित नंदीशाला पहुंचे। जहां उन्होंने गऊओं की सेवा करते हुए दिग्विजय चौटाला की लंबी उम्र एवं सुखद जीवन की कामना की और गौमाता को चारा खिला कर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात बाद शहर में सिंघाना रोड स्थित मोती नगर कार्यालय में पहुंच युवा नेता दिग्विजय चौटाला के जन्मदिन पर केट काटा गया। सिकंदर गहली ने कहा कि दिग्विजय चौटाला अपने पिता डा. अजयसिंह चौटाला द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए जनसेवा के कार्यों में जुटे हुए हैं। अब वह मार्च महीने में जननायक कबड्डी वर्ल्ड कप डबवाली शहर में आयोजित करवाने जा रहे हैं। इस सर्कल कबड्डी में छह देशों की टीमें भाग लेंगी। वह युवाओं को इस मुहिम के जरिए नशे एवं अपराध से दूर करने के लिए सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले दिग्विजय चौटाला ने पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की स्मृति में जनवरी माह में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए कॉस्को बॉल ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करवाई थी, जिसमें ग्रामीण युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर इस प्रतियोगिता को सफल बनाया था। इस दौरान सिकंदर गहली ने कहा कि वर्ष-2013 में दिग्विजय चौटाला इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और फिर युवाओं को चौधरी देवीलाल की विचारधारा से जोड़े रखने का मुश्किल काम अपने कंधों पर लिया और पूरे हरियाणा की यात्रा की। लगभग एक माह चली इस यात्रा के जरिए दिग्विजय ने हरियाणा के छात्रों की समस्याओं को समझा और हजारों युवाओं को अपने साथ जोड़ा। उसी साल इनसो ने रोहतक में स्वैच्छिक अंगदान कार्यक्रम आयोजित किया और 10 हजार कार्यकर्ताओं ने स्वैच्छिक अंगदान की शपथ लेकर सहमति पत्र भरे। इस उपलबंधि के लिए इनसो को लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह मिली। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि सुमेर कांडा, नगर पार्षद संदीप भांखर, संजय यादव, दीपक यादव, हुडीना के सरपंच जसवंत यादव, सतपाल यादव, बजरंग गुर्जर, नितिश, श्रीकांत, कुलदीप यादव, कृष्ण यादव, प्रवीण, महेंद्र सैनी एवं रवि भालोठिया आदि मौजूद थे।

निंदा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल में अटेली के नजदीकी गांव उनिंदा में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ में महिलाओं को आर्टिफिशियल हैंडमेड जूलरी बनाना भी सिखाया। रिचा क्राफ्ट की संचालक रिचा गर्ग ने महिलाओं को बताया कि किस तरह से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में एक बदलाव ला सकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर महिलाएं आत्मनिर्भर रहेंगी तो उन पर होने वाली घरेलू हिंसा काफी हद तक बंद हो जाएंगी। उन्होंने महिलाओं को डीसी मोनिका गुप्ता द्वारा चलाई गई मेरी लाडू म्हारी शान, मेरी प्यारी मेरी प्यारी लाडो जैसे अभियान के तहत जानकारी दी। रिचा ने महिलाओं को बताया कि आज भी हमारे समाज में देखा जाता है की कन्याओं को भ्रूण में ही मार दिया जाता है। महिलाओं का कहना है कि वह अपने गर्भ में पल रहे भ्रूण को मारना नहीं चाहती परंतु परिवार के दबाव में आकर उन्हें ऐसा करना पड़ता है। अगर महिलाएं आत्मनिर्भर रहेगी तो उनमें आत्मविश्वास आएगा कि वह अपनी वह अपने बच्चों की स्वयं रक्षा कर सकती है। उन पर जो अत्याचार होते हैं उनमें बहुत ज्यादा कमी आ जाएगी। महिलाओं का आत्मनिर्भर व सशक्त समाज में ही नहीं बल्कि देश में भी एक बदलाव आएगा।

अटेली में जजपा कल खोलेगी लोकसभा चुनाव कार्यालय

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए मंडी अटेली में जननायक जनता पार्टी चुनाव कार्यालय खोलेगी। यह जानकारी देते हुए जजपा के जिला प्रवक्ता ने बताया कि 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे मंडी अटेली में कनीना रोड पर गैस गोदाम के नजदीक यह कार्यालय खोला जाएगा, जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, चेयरमैन सुमित राणा, हज कमेटी हरियाणा के चेयरमैन मोहसिन चौधरी, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मित्तल, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश जाखड़ एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान डा. मनीष शर्मा करेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंवर सिंह कलवाड़ी, राष्ट्रीय महासचिव एवं चेयरपर्सन कमलेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, प्रदेश महासचिव एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, महिला जिलाध्यक्ष सुविधा शास्त्री, युवा जिलाध्यक्ष युद्धवीर पालड़ी, हलका अध्यक्ष कुलदीप कलवाड़ी, बेदू रातां, कर्मबीर यादव, राजकुमार यादव एवं युवा हलका अध्यक्ष महीपाल गुर्जर आदि सहित पार्टी के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नेतागण मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना को लेकर एडीसी ने ली बैठक

गरीब परिवारों को स्वरोजगार स्थापित करने में सहयोग करें बैंकर्स : दीपक बाबूलाल करवा

समाचार गेट/अशोक कौशिक

नारनौल। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना हरियाणा सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। यह गरीब परिवारों के उत्थान के लिए है। ऐसे में सभी बैंकर्स इन परिवारों को स्वरोजगार स्थापित करने में सहयोग करें। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने आज अपने कार्यालय में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की समीक्षा बैठक में कही। इस बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने अभी तक की प्रगति रिपोर्ट पेश की।

एडीसी ने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न अंत्योदय मेले में पहले से ही आए हुए आवेदनों का निपटारा करें। अगले माह तक मामले लंबित नहीं रहने चाहिए। उन्होंने बैंकर्स को कहा कि स्वीकृत हो चुके लोन को जल्द से जल्द निपटाएं।

उन्होंने कहा कि अगर किसी आवेदक के कागजात अधूरे हैं तो विभागों के अधिकारी खुद कागजात पूरे करवाकर बैंक को दें। ये बहुत ही गरीब परिवार हैं। ये हमारी तरह कागजात तैयार नहीं कर सकते। ऐसे में अधिकारी उनके कागजात पूरे करवाने में सहयोग करें। इस मामले में संबंधित विभाग भी उनकी मदद करेंगे। अगली मीटिंग से एक सप्ताह पहले सभी बैंक ब्रांच विस्तृत विवरण लेकर आएं।

उन्होंने निर्देश दिए की बैंक द्वारा स्वीकृति पत्र ऑनलाइन अपलोड किए जाएं। अगर कोई आवेदक लोन नहीं लेना चाहता है तो लिखित में लें।

उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद है कि इन गरीब परिवारों को स्वरोजगार के साथ जोड़ा जाए। इसी मकसद से उन्हें बैंकों द्वारा लोन मुहैया करवाया जा रहा है ताकि यह अपने आजीविका शुरू कर सके। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अनुदान राशि का निपटारा भी तुरंत करें।

इस बैठक में लीड बैंक मैनेजर विजय सिंह के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न बैंकों के डीसीओ भी मौजूद थे।

सिटी 24 न्यूज TITLE CODE HARHIN11569

सिटी 24 न्यूज की संपादक रवीना यादव द्वारा सी-118, विपुल प्लाजा, सेक्टर-78 फरीदाबाद, हरियाणा से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं न्यूज पोर्टल के लिए ई-पेपर को प्रसारित किया है। ई-पेपर में शामिल लेखों, विचारों एंव समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है अपितु लेखक ही जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल फरीदाबाद न्यायालय में ही मान्य होगा। संपर्क: 9818180269, ईमेल : city24newsroom@gmail.com

राव बिरेन्द्र सिंह को जनता कभी नहीं भुला सकेगी, वे दक्षिणी हरियाणा के बेताज बदशाह थे : विद्रोही

देश की पहली संयुक्त सरकार 1967 में राव बिरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में ही हरियाणा में बनी थी : विद्रोही

31 दिसम्बर 1981 को पंजाब-हरियाणा एवं राजस्थान में पानी के मामले में ऐतिहासिक त्रिपक्षीय समझौता करवाया : विद्रोही

समाचार गेट ब्यूरो

हरियाणा के दूसरे मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री राव बिरेन्द्र सिंह की जयंती पर स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश ने उनकी समाधि पर पुष्पाजंली अर्पित करके अपनी भावभीनी श्रद्धाजंली अर्पित की। कपिल यादव, अमन कुमार, अजय कुमार ने भी राव साहब को अपने श्रद्धसुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विद्रोही ने कहा कि राव बिरेन्द्र सिंह जीवनभर किसान, मजदूर व गांवों के हकों की आवाज उठाते रहे तथा राव साहब का हरियाणा की राजनीति में विशेष दखल रहा। दक्षिणी हरियाणा में उनके प्रति इतना आदर था कि लोग उनकी एक आवाज पर कुछ भी करने को तत्पर रहते थे। प्रदेश में वे हरियाणा के दूसरे मुख्यमंत्री बने हालांकि उनका कार्यकाल मात्र आठ माह का रहा, लेकिन अपने 8 माह के अल्प कार्यकाल में ही राव साहब ने प्रदेश व देश की राजनीति पर गहरा असर डाला। देश की पहली संयुक्त सरकार 1967 में राव बिरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में ही हरियाणा में बनी थी। इसका देश की राजनीति में इतना प्रभाव पड़ा कि इसी वर्ष देश के 8 राज्यों में हरियाणा की तर्ज पर संयुक्त सरकारे बनी।

विद्रोही ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने किसानों की फसलों का भाव किसानों को दिया, जिसके फलस्वरूप ही हरियाणा में एक नारा गूंजा कि राव आया-भाव आया, राव गया-भाव गया। श्रीमती इंदिरा गांधी मंत्रीमंडल में केन्द्रीय कृषि मंत्री के रूप में उन्होंने किसानों के हक में अनेक फैसले लिए। वहीं 31 दिसम्बर 1981 को पंजाब-हरियाणा एवं राजस्थान में पानी के मामले में ऐतिहासिक त्रिपक्षीय समझौता करवाया। यदि निहित राजनीतिक स्वार्थो से प्रेरित तत्व यदि इस समझौते का विरोध उस समय राजनैतिक कारणों से नही करते तो सतलुज-यमुना लिंक नहर का निर्माण पूरा होकर दक्षिणी हरियाणा को उसके हिस्से का नहरी पानी कभी का मिल गया होता। विद्रोही ने कहा कि हरियाणा व पंजाब की राजनीति में राव बिरेन्द्र सिंह ने बहुत गहरा प्रभाव डाला। राजनीति से रिटायर होने के बाद भी अपने जीवन के अंतिम क्षण तक वे हरियाणा की राजनीति को प्रभावित करते रहे। विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों में मंत्री के रूप में उन्होंने अपनी प्रशासनिक क्षमता का जो परिचय दिया, उसकी चर्चा आज भी होती है। विद्रोही ने कहा कि राव साहब ने अपने जीवन में दक्षिणी हरियाणा में शिक्षण संस्थाओं के विस्तार व शिक्षा दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राव साहब को जनता कभी नही भूला सकेगी कि वे दक्षिणी हरियाणा के बेताज बदशाह थे।

सुभाष बराला निर्विरोध निर्वाचित हुए राज्यसभा सांसद, भाजपा में उत्साह का माहौल

राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर सुभाष बराला ने लिया मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आशीर्वाद

बिप्लब देब और नायब ने भी सुभाष बराला को दी बधाई

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के पूर्व अध्यक्ष रहे सुभाष बराला मंगलवार को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने पर श्री बराला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया और आभार जताया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी श्री बराला को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री बराला राज्यसभा में हरियाणा की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश के मुद्दों को प्रमुखता से रखेंगे। सांसद निर्वाचित होने पर श्री बराला ने प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अलावा प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी समेत शीर्ष नेतृत्व का भी आभार जताया।

राज्यसभा में सांसद डीपी वत्स का कार्यकाल पूरा होने पर रिक्त हुए स्थान पर भाजपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला को राज्यसभा में भेजने का निर्णय लिया। 15 फरवरी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी की उपस्थिति में श्री बराला ने अपना नामांकन दाखिल किया था। सुभाष बराला के विरोध में कांग्रेस व अन्य किसी राजनीतिक दल ने अपना प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं उतारा, इसलिए मंगलवार को रिटर्निंग अधिकारी साकेत कुमार ने श्री बराला को निर्वाचित घोषित कर दिया।

सुभाष बराला के निर्विरोध राज्यसभा सांसद निर्वाचित किए जाने पर हरियाणा भाजपा में खुशी का माहौल है। बीजेपी प्रभारी बिप्लब कुमार देब और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने पर सुभाष बराला को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि नवनिर्वाचित सांसद सुभाष बराला हरियाणा के मुद्दों को केंद्र में और मजबूती के साथ रखेंगे जिससे राज्यसभा में हरियाणा को और ताकत मिलेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि श्री बराला लगातार पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। अब पार्टी ने किसान के बेटे को राज्यसभा में भेजकर किसानों के हितों का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि श्री बराला राज्यसभा के अंदर हरियाणा के मुद्दों को प्रमुखता से रखेंगे। उन्होंने कहा कि श्री बराला के राज्यसभा में पहुंचने पर हरियाणा का पक्ष और अधिक मजबूत होगा।

हांसी, महम, रोहतक के लोगों ने नयी रेल लाइन के लिए कहा, धन्यवाद दीपेंद्र भाई!

समाचार गेट ब्यूरो

हांसी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सांसद दीपेंद्र हुड्डा आज हांसी से ट्रेन में सवार होकर रोहतक पहुंचे। इस दौरान हांसी, महम, रोहतक के लोगों ने नयी रेल लाइन के लिये उनका धन्यवाद किया। दीपेंद्र हुड्डा के हांसी स्टेशन पहुंचने पर फूल-मालाओं और ढोल-बाजे के साथ जबरदस्त स्वागत किया गया। उनके साथ ट्रेन में यात्रा करने के लिये बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। ट्रेन चलने के बाद रास्ते में पड़े हर स्टेशन पर गाजे-बाजे के साथ भारी संख्या में पहुंचे स्थानीय लोगों ने न सिर्फ दीपेंद्र हुड्डा का जोरदार नारों के साथ स्वागत किया बल्कि इस नयी रेल लाइन पर रेल सेवा शुरु होने की खुशी में लड्डू भी बांटे। रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनो पर मेले जैसा माहौल था। हांसी से चलने के बाद ट्रेन गढ़ी, मुंढाल कलां, महम, मोखरा मदीना, डोभ भाली होते हुए रोहतक पहुंची। हर स्टेशन पर ट्रेन के रुकने पर दीपेंद्र हुड्डा ने वहां पहुंची भीड़ का अभिवादन स्वीकार किया।

इस अवसर पर दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हांसी रेल कनेक्टिविटी से सीधा दिल्ली से जुड़े इस बात को लेकर जो सपना उन्होंने देखा था वो आज साकार हुआ है। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि राजनीति तोड़ती है, लेकिन विकास जोड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार की विकासहीन कार्यशैली का प्रमाण है कि 10 साल के बाद भी देश के प्रधानमंत्री जी से हमारे द्वारा शुरु कराये हुए विकास कार्यों का फीता कटवाना पड़ा। इस सरकार के 10 साल में 1 इंच नयी रेल की लाइन नहीं आयी, मेट्रो का 1 खंबा आगे नहीं बढ़ा। दीपेन्द्र हुड्डा ने यह भी कहा कि हांसी, महम और भिवानी के बीच में प्रस्तावित इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अगर भाजपा सरकार हरियाणा से उठाकर यूपी नहीं ले जाती तो आज हरियाणा का नक्शा ही कुछ और होता। दिल्ली-रोहतक-हांसी-हिसार को विकास का कॉरीडोर बनाने की सोच के साथ बहुत मेहनत करके महम का

इंटरनेशनल एयरपोर्ट और गोहाना की रेल कोच फैक्ट्री मंजूर कराई थी। भाजपा सरकार इन दोनों बड़ी परियोजनाओं को हरियाणा से बाहर ले गयी इस बात का मलाल मुझे जीवनपर्यन्त रहेगा। उन्होंने कहा कि आज जब वो रोहतक-महम-हांसी नयी रेल लाइन पर यात्रा कर रहे हैं तो उन्हें तत्कालीन रेल मंत्री श्री दिनेश त्रिवेदी जी की 2012 रेल बजट की वो स्पीच याद आ रही है जिसमें पूरे देश में मात्र 4 नयी रेल लाइन की ही घोषणा हुई थी, जिसमें रोहतक-महम-हांसी नयी रेलवे लाइन देश में 1 नंबर पर स्वीकृत हुई। रेल मंत्री अपने भाषण में तत्कालीन हुड्डा सरकार की ओर से इस लाइन का 50% खर्च वहन करने के निर्णय का धन्यवाद किया था। दीपेन्द्र हुड्डा इस अवसर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री दिनेश त्रिवेदी का विशेष धन्यवाद किया।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि रोहतक-महम-हांसी नयी रेल लाइन प्रोजेक्ट से उनका गहरा लगाव रहा है। इस रेल परियोजना का काम उन्होंने UPA व हुड्डा सरकार की भागीदारी से 2011 में मंजूर कराया, 2012 में बजट दिलवाया और 2013 में हांसी में रेल-रोड रैली करके इसका शिलान्यास कराकर काम शुरू कराया और काम पूरा होने तक इसके पीछे लगे रहे।

एक समय ऐसा भी आया जब प्रदेश में सरकार बदलने के बाद इसे ठन्डे बस्ते में डाल दिया गया तो उन्होंने काम शुरू कराने के लिए हांसी और महम में धरना भी दिया और मुख्यमंत्री जी द्वारा फाइल न मिलने की बात कहने पर डाक से पूरी फाइल भेजी। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के लोगों को ये सारी सच्चाई पता है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि जो काम उन्होंने शुरू किया था और पूरा कराने के लिए वर्षों का अथक संघर्ष किया वो अंततः पूरा हुआ। आज नयी रेल लाइन पर लोगों के साथ रेल से यात्रा करके मेहनत सफल होने की सुखद अनुभूति हो रही है।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश, पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, पूर्व मंत्री आनन्द सिंह दांगी, पूर्व विधायक संत कुमार, पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, पूर्व विधायक नरेश सेलवाल चक्रवर्ती शर्मा, प्रेम मलिक, योगेन्द्र योगी, सुमन शर्मा, राजबीर फरटिया, राजेन्द्र सूरा, छत्रपाल सोनी, राजेश कासनी, शमशेर मलिक, जयसिंह पाली, सुदेश यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

हरियाणा के पहले निर्वाचित सीएम स्व राव वीरेंद्र सिंह की यादगार को जीवंत बनाए : पर्ल चौधरी

सीएम सिटी पटौदी से बात उठी है तो अब यह बात दूर तलक जाएगी

हरियाणा के राज्यपाल के नाम पटौदी के एसडीएम को सोपा ज्ञापन

पटौदी में लगे स्व राव वीरेंद्र सिंह की प्रतिमा और डिफेंस यूनिवर्सिटी का हो नाम

समाचार गेट ब्यूरो

पटौदी। स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह की 103 वीं जयंती के उपलक्ष पर उनके निर्वाचन क्षेत्र पटौदी सीएम सिटी से मंगलवार को जो बात उठी, तो वह अब बात निश्चित रूप से दूर तलक जाएगी। हरियाणा प्रदेश के दक्षिणी हरियाणा और अहीरवाल इलाके के रहने वाले स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह की यादगार को जीवंत बनाने के लिए पहल की गई है। यह पहल पटौदी के पूर्व एमएलए स्वर्गीय भूपेंद्र चौधरी की पुत्री कांग्रेस नेत्री और सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट पर्ल चौधरी के द्वारा की गई । सेना अधिकारी और राजनेता के रूप में अपनी सशक्त और मजबूत पहचान बनाए रखने वाले स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह आज भी लोगों के दिलों दिमाग पर अमिट छाप बनाए हुए हैं।

मंगलवार को कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी के द्वारा हरियाणा के राज्यपाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री, हरियाणा के मुख्य सचिव के नाम पटौदी के एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया । इस मौके पर मुख्य रूप से परमेश रंजन, रमेश खंडेवला, प्रवीण हकदारपुर, पूर्व पालिका अध्यक्ष हुकम सिंह, पूर्व पार्षद प्रवीण यादव, कुणाल, एडवोकेट योगेश, एडवोकेट निखिल, एडवोकेट मनीष, मनोहर लाल, जगदीश सिंह, सुरेंद्र सिंह, जरनैल सिंह, सुबे सिंह, हवा सिंह, धर्मवीर, दयाल, लीलू राम, खेमचंद, योगेंद्र सिंह व अन्य समर्थक और प्रबुद्ध ग्रामीण मौजूद रहे।

हरियाणा के राज्यपाल के नाम ज्ञापन में मांग करते हुए ध्यान आकर्षित किया गया है कि स्वर्गीय राव बीरेंद्र सिंह हरियाणा प्रदेश के पहले निर्वाचित मुख्यमंत्री रहे हैं। पटौदी की 36 बिरादरी ने उनको विधायक चुना और वास्तव में पटौदी सीएम सिटी के तौर पर भी पुकारा जाने लगा है । ऐसे में स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह के निर्वाचन क्षेत्र पटौदी में ही उनकी किसी भी प्रकार की यादगार नहीं होना मौजूदा युवा और आने वाली पीढ़ी के साथ अन्याय है । स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह का राज्य के विकास सहित किसान और खेती के लिए अतुलनीय योगदान रहा है । ज्ञापन में मांग की गई है कि पटौदी के मुख्य चौराहा का नामकरण स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह के नाम पर किया जाए। बिलासपुर कुलाना और दिल्ली -गुरुग्राम -रेवाड़ी के बीच पटौदी में मुख्य चौराहा पर ही स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह की प्रतिमा स्थापित होनी चाहिए। स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह के निर्वाचन क्षेत्र पटौदी और उनके गृह क्षेत्र रेवाड़ी के बीच मुख्य सड़क का नामकरण भी राव वीरेंद्र सिंह के नाम पर ही होना चाहिए । पटौदी विधानसभा क्षेत्र में बड़े गांव अथवा बड़ी पंचायत के साथ विचार विमर्श करके पर्याप्त और उचित जगह का चयन करके राव वीरेंद्र सिंह के नाम पर पुस्तकालय तथा रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाए ।

सैन्य अधिकारी रहे स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह की सैनिक पृष्ठभूमि और की गई राष्ट्र सेवा को केंद्र में रखकर यह मांग भी की गई है कि राव विजेंदर सिंह के निर्वाचन क्षेत्र पटौदी के ही गांव बिनोला में निर्माणाधीन देश की पहली डिफेंस यूनिवर्सिटी का नामकरण भी स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह के नाम पर ही किया जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी ने कहा स्वर्गीय राव वीरेंद्र सिंह सामाजिक और राजनीतिक जीवन में एक आदर्श रहे हैं। उनके द्वारा स्थापित मूल्य और आदर्श मौजूदा दौर में सभी के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं । अपने बुजुर्गों को सम्मान देना चाहिए और उनकी यादगार को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना यह समय की जरूरत बन गया है।

मुफ्त इलाज भी निकला जुमला, महंगी दवा खरीदनी पड़ रही : कुमारी सैलजा

प्रदेश के 11 जिलों में सरकारी अस्पतालों में दवाओं की भारी किल्लत

बुखार, खांसी, दर्द निवारक, एलर्जी समेत कोई दवा नहीं उपलब्ध

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को निशुल्क दवाएं उपलब्ध करवा कर मुफ्त इलाज करने का भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार का दावा भी जुमला ही साबित हुआ। इस समय प्रदेश के 11 जिलों में सरकारी अस्पतालों में दवाओं का जबरदस्त संकट बना हुआ है। बुखार, खांसी, दर्द निवारक व एलर्जी जैसी साधारण दवाएं भी मरीजों को नहीं मिल पा रही हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजना के तहत स्वास्थ्य मुख्यालय से जिला स्तर पर बजट जारी नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से लोकल लेवल दवाओं की खरीद भी नहीं हो पा रही है। दवाओं की आपूर्ति करने वाली एजेंसियों के सरकार की ओर करोड़ों रुपये बकाया है, जिसकी वजह से कई जगह इन्होंने पेमेंट के चक्कर में दवाओं की सप्लाई भी रोक दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 11 जिले ऐसे बताए जा रहे हैं, जहां डेढ़ महीने से सरकारी दवाओं का स्टॉक खाली हो चुका है। पीजीआईएमएस रोहतक में शुगर, एलर्जी, भूख लगने वाली दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। सोनीपत के नागरिक अस्पताल में 20 दिन से कफ सिरप, बीपी, कोलेस्ट्रॉल कम करने की दवा नहीं है। हार्ट के मरीजों के लिए जरूरी दवा भी खत्म हो चुकी है। जींद में मनोचिकित्सा से संबंधित दवाएं नहीं हैं, तो झज्जर में दर्द निवारक दवाएं खत्म हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि हिसार के नागरिक अस्पताल में बुखार, आयरन कैलशियम, थायराइड, ओआरएस, एलर्जी की दवाओं के साथ ही बच्चों को बुखार में देने वाले सिरप भी मौजूद नहीं है। पानीपत व कैथल जिले में भी करीब-करीब ऐसे ही हालात हैं। सिर्फ नागरिक अस्पताल ही नहीं, 11 जिलों की सीएचपी, पीएचसी से भी दवाएं नदारद हैं। इसकी वजह से यहां पहुंचने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को मजबूरी में महंगी दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की रूचि न होने के कारण जन औषधि केंद्र भी प्रदेश के सिर्फ 03 जिलों के सरकारी अस्पताल में ही खुल सके हैं। 08 साल के अंदर ही जेनेरिक दवा की इन सस्ती दुकानों में से 62 प्रतिशत तो बंद भी हो चुकी हैं। हरियाणा में 2015 में जन औषधि केंद्र खोलने की शुरुआत हुई तो 08 साल में 93 केंद्र खुले, लेकिन इनमें से 58 बंद हो गए। करनाल, रोहतक व भिवानी जिले के सरकारी अस्पताल में ही जन औषधि केंद्र चल रहे हैं, बाकी जिलों में ये खुल भी नहीं सके। कुमारी सैलजा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के प्रति प्रदेश सरकार की बेरुखी से पता चलता है कि गरीब लोगों को महंगे इलाज के भरोसे छोड़ दिया गया है। सरकार चाहती है कि लोग निजी अस्पतालों में जाएं और स्वस्थ होने के लिए अपना घर, जमीन, जायदाद बेचें।

सफाई कर्मचारियों के हितों पर ध्यान देकर मनोहर सरकार ने दिखा दिया है कि भाजपा ही अनुसूचित जाति की सच्ची हितैषी है: सत्यप्रकाश जरवाता

अनुसूचित जाति के संतो तथा महापुरुषों का आशीर्वाद और पहचान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं का आधार है : कृष्ण बेदी

गुरु रविदास जी की जयंती से लेकर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती तक 17 आरक्षित विधानसभाओं में अनुसूचित जाति सम्मेलन किए जाएंगे : संजीव घारू

मोर्चा की विशेष बैठक 21 को होगी

समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के तुरंत पश्चात अनुसूचित जाति मोर्चा एक्शन मोड में आ गया है। अधिवेशन के अगले ही दिन यमुनानगर में मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों तथा प्रभारियों के साथ संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई जिसमें मोर्चा के प्रदेश प्रभारी कृष्ण बेदी और प्रदेश अध्यक्ष विधायक सत्य प्रकाश जरवाता ने पदाधिकारियों का मार्गदर्शन किया। बैठक में विशेष रूप से मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम अवतार वाल्मीकि शामिल हुए।

मोर्चा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रदेश की यह टीम भाजपा के आस और विश्वास की टीम है। अनुसूचित जाति के संतो तथा महापुरुषों का आशीर्वाद और पहचान मोर्चा के कार्यकर्ताओं का आधार है। मोर्चा का कार्यकर्ता अपनी नई ऊर्जा के साथ मैदान में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए भाजपा के 370 व एनडीए के 400 पर के संकल्प को याद दिलाते हुए कहा की हरियाणा की 10 संसदीय संसदीय सीटें 400 पर के नारे में अपनी अहम भूमिका निभायेंगी। बेदी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने न सिर्फ अनुसूचित जाति के कर्मचारियों का ध्यान रखा, अपितु महिलाओं और युवाओं के साथ साथ प्रदेश के सफाई कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके मानदेय, वर्दी की चिंता के साथ सफाई कर्मचारी आयोग का गठन करके दिखा दिया है कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति की सच्ची हितैषी है। मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम अवतार वाल्मीकि ने अपने वक्तव्य में कहा कि आगरा में होने वाला अनुसूचित जाति महासम्मेलन भविष्य में एक मील का पत्थर साबित होगा। 2024 का चुनावी वर्ष अनेक वर्षों तक स्मरण किया जाएगा।

राष्ट्रीय अधिवेशन के तुरंत बाद प्रदेश बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावाता ने कहा कि आगामी 100 दिनों के लिए मोर्चा का कार्यकर्ता अपनी कमर कस चुका है और मनोहर सरकार में अनुसूचित जाति कल्याण योजना का लाभ बिना किसी भेदभाव के सबको मिल रहा है विकसित भारत के संकल्प को साकार करना ही मोदी की गारंटी से ही संभव है। जरावता ने कहा कि जिस प्रकार मोदी सरकार भारत की संस्कृति का पुनर्निर्माण करने के लिए आगे बढ़ रही है और सैंकड़ों वर्षों के पश्चात अयोध्या में श्री राम लाल अपने दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान होने पर प्रत्येक सनातनी का सपना साकार करने का कार्य भारतीय जनता पार्टी ने किया है और 400 पर का विजयी रथ चल पड़ा है जिसमें अनुसूचित जाति मोर्चा का कार्य करता अपनी अहम भूमिका अदा करेगा और आगामी 100 दिनों तक कार्यकर्ता अपना कैलेंडर तैयार करके काम करेगा। मोर्चा के कार्यकर्ता अनुसूचित जाति कल्याण की नीतियों को लेकर बस्ती संपर्क कार्यक्रम के दौरान घर-घर तक मोदी तथा मनोहर सरकार की उपलबधियां को बताएंगे। उन्होंने कहा कि मोर्चा कार्यकर्ता न केवल आरक्षित सीटों पर कार्य करेगा बल्कि लगभग 50 उन सीटों पर विशेष फोकस रखते हुए कार्य करेगा जहां अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं की संख्या अधिक है।

मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव घारू ने यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 24 फरवरी को संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती से लेकर 14 अप्रैल बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती तक 17 आरक्षित विधानसभाओं में अनुसूचित जाति सम्मेलन किए जाएंगे जिसकी शुरुआत इसराना आरक्षित विधानसभा से मुख्यमंत्री मनोहर लाल 25 फरवरी को कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इसके अलावा केंद्र की योजनाओं के अनुसार बस्ती संपर्क अभियान, छात्रावास संपर्क और अनुसूचित जाति युवा संवाद जैसे कार्यक्रम प्रदेश भर में किए जा रहे हैं। प्रदेश की लगभग 1800 बस्तियां में जाकर अनुसूचित जाति वर्ग से संपर्क साधा जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तरीय विशाल अनुसूचित जाति महासम्मेलन आगामी 29 फरवरी को आगरा में संपन्न होगा जिसे प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करेंगे और इसके लिए हरियाणा प्रदेश की विशेष रूप से ड्यूटी या लगाई गई है इसके संबंध में एक विशेष बैठक 21 फरवरी को होना निश्चित की गई है। प्रदेश स्तरीय इस बैठक में पूर्व विधायक सरिता नारायण, सूरजमल किलोई, राम पाल पाली, भारत भूषण टांक, डॉ दिनेश शास्त्री, सुश्री प्रशांता सांवरिया, अजय खुंडिया, यमुनानगर के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह मट्टू, जिला महामंत्री अनिल ढिलोढ़ आदि के अलावा यमुनानगर जिला के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।